* ओड़िशा संस्करण

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

9 YEARS

सफलता के 9 वर्ष

रांची 22 जून, 2024, शनिवार, वर्ष 09, अंक 242, ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा, संवत 2081, पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00






सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 67,400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 94,000 रु./प्रति किलो |



# जमीन दलाल कमलेश के ठिकानों पर इडी का छापा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जमीन फर्जीवाड़ा मामले की जांच कर रही इडी ने राजधानी के चर्चित जमीन दलाल कमलेश के ठिकानों पर शुक्रवार को दबिश दी। जानकारी के अनुसार छापे में एक करोड़ नगद और एक सौ कारतूस की बरामदगी हुई है। भूमि घोटाला मामले में कमलेश को इडी ने पूछताछ के लिए समन भेजा था। समन पर उपस्थित होने के बदले वह फरार चल रहा था।

इडी की टीम ने कांके रोड स्थित एस्टर ग्रीन अपार्टमेंट में कमलेश के फ्लैट में सुबह छापा मारा। उसने यह फ्लैट किराये पर ले रखा है। इसके अलावा कमलेश से जुड़े अन्य ठिकानों पर भी इडी की अलग-अलग टीम पहुंची। जमीन माफिया कमलेश रांची में पुलिस के कुछ अधिकारियों के संरक्षण में सरकारी जमीन पर कब्जे का बेरोक-टोक धंधा करता है। बाद में उसने अपने काले कारनामे में अंचल अधिकारियों को भी शामिल कर लिया। पुलिस और अंचल अधिकारियों की मिलीभगत से महज सात साल में ही उसने अकूत संपत्ति अर्जित कर ली है।

## एक करोड़ नगद और एक सौ गोलियां बरामद





### हर दल में पहुंच है कमलेश की

कमलेश का राजनीतिक रसूख भी है। वह हर दल में ऊंची पहुंच रखता है। कमलेश ने पत्रकारिता में भी हाथ आजमाया है। उसने फोटोग्राफर से करियर की शुरुआत की। कुछ दिन बाद रांची आ गया। इसके बाद कुछ पुलिस अधिकारियों से उसका संपर्क हुआ, तो वह सरकारी जमीन पर कब्जा करने लगा। कांके के चामा में पुलिस हाउसिंग सोसाइटी के लिए जमीन लेने और पूर्व डीजीपी डीके पांडेय की उस सोसाइटी में जमीन के मामले में भी वह संदिग्ध रहा है। कमलेश राजधानी और आसपास में आयोजित होनेवाली हाइ प्रोफाइल पार्टियों में शामिल होता है।

### आदिवासी जमीन पर जबरन जेसीबी लेकर पहुंचा तो गया जेल

कांके थाना पुलिस ने रिवर व्यू गार्डन के मालिक और जमीन दलाल कमलेश को अक्टूबर 2021 में गिरफ्तार किया था। उस समय वह कांके के चामा नगड़ी में एक आदिवासी जमीन पर जबरन कब्जा करने की नीयत से जेसीबी लेकर पहुंचा था। जमीन मालिक की सूचना पर पुलिस ने कमलेश के साथ अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया था। मूल रूप से जमशेदपुर के सीताराम डेरा थाना क्षेत्र के भुईंयाडीह निवासी कमलेश का रांची में कोकर के चेशायर होम रोड में अपना मकान है।

इसके अलावा कमलेश पर कांके स्थित लॉ कॉलेज से सटे रिंग रोड के किनारे करीब 25 एकड़ गैरमजरुआ जमीन पर रिवर व्यू प्रोजेक्ट खड़ा करने का आरोप है। उसने फर्जी दस्तावेज के सहारे लॉ कॉलेज और जुमार नदी की 20.59 एकड़ जमीन हड़प ली थी। उस पर मिट्टी डालकर जमीन को समतल किया जा रहा था। कांके के तत्कालीन सीओ के निर्देश पर 27 नवंबर 2020 को कांके अंचल अधिकारी ने एफआइआर दर्ज करायी, जिसमें लॉ यूनिवर्सिटी के पीछे स्थित रिंग रोड से सटी जुमार नदी, गैरमजरुआ जमीन और बीएयू की अधिग्रहित जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाया गया है। मामले ने जब तूल पकड़ा, तो जांच एसीबी को सौंप दी गयी। एसीबी जांच में भी फर्जीवाड़े की पुष्टि हुई है।

---

### गो लाइव ऑफ स्टूडेंट एप्लीकेशन मॉड्यूल का सीएम ने किया लोकार्पण

# शिक्षा लोन के लिए विद्यार्थी करें ऑनलाइन आवेदन: चंपाई सोरेन

- विद्यार्थियों को पैसे की तंगी नहीं बनेगी बाधा, सरकार कर रही आर्थिक सहायता
- सीएम ने की उच्च-तकनीकी शिक्षा विभाग की समीक्षा की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड का कोई भी विद्यार्थी आर्थिक तंगी की वजह से उच्च और तकनीकी शिक्षा से वंचित ना रहे। यह सरकार का संकल्प है। इस दिशा में राज्य सरकार की ओर से कई योजनाएं शुरू की गयी हैं। इन योजनाओं का लाभ गरीब और मेधावी विद्यार्थियों को सुलभता के साथ सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने शुक्रवार को उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की समीक्षा में अधिकारियों ने उक्त निर्देश दिये। इस अवसर पर उन्होंने गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के गो लाइव ऑफ स्टूडेंट एप्लीकेशन मॉड्यूल का शुभारंभ किया। इसके तहत जिन विद्यार्थियों का चयन उच्च शिक्षण संस्थान के लिए हो चुका है, वे ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इसके बाद उन्हें सरकार द्वारा इस योजना के लिए जिन बैंकों के साथ इकरारनामा किया गया है, उनके द्वारा 15 लाख तक का शिक्षा लोन उपलब्ध कराया जायेगा।

**फ्लैगशिप योजनाओं का विद्यार्थियों को मिले पूरा लाभ :** मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए सरकार ने गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना और मांकी मुंडा छात्रवृत्ति योजना जैसी अनेकों योजनाएं शुरू की गयी हैं। इन योजनाओं का लाभ गरीब और जरूरतमंद विद्यार्थियों को मिलना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि पढ़ाई में पैसे की तंगी बाधा नहीं बने।

**इनकी रही उपस्थिति :** बैठक में मुख्य सचिव एल ख्यांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव राहुल कुमार पुरवार, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, निदेशक रामनिवास यादव, सुनील कुमार, भवन निर्माण निगम के कार्यपालक निदेशक संजय कुजूर, महाप्रबंधक अविनाश कुमार दीपक, एचडीएफसी बैंक झारखंड के जोनल हेड अभिषेक कुमार, क्लस्टर हेड धर्मेंद्र कुमार, नवनीत गांधी समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।




### संस्थानों के भवन निर्माण कार्य में तेजी लायें

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में कई नये डिग्री कॉलेज के साथ विभिन्न शिक्षण संस्थानों में कई भवन निर्माण कार्य हो रहा है। इन भवनों के निर्माण कार्य में तेजी लायें और तय समय सीमा के अंदर पूरी करें, ताकि इसका लाभ यहां के शिक्षकों और विद्यार्थियों को मिल सके। मुख्यमंत्री ने जमशेदपुर में खोले जाने वाले ट्राइबल यूनिवर्सिटी को जल्द क्रियाशील बनाने का निर्देश अधिकारियों को किया।

### विद्यार्थियों को अपने ही राज्य में उत्कृष्ट उच्च शिक्षा मिले

मुख्यमंत्री ने राज्य में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा को बेहतर बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यहां से बड़े पैमाने पर विद्यार्थी उच्च शिक्षा के लिए दूसरे प्रदेशों का रुख करते हैं। ऐसे में हमें यह प्रयास करना होगा कि यहां के उच्च शिक्षण संस्थानों में क्वालिटी एजुकेशन के साथ कैंपस प्लेसमेंट की भी मजबूत व्यवस्था हो, ताकि यहां के विद्यार्थी अपने ही राज्य में अच्छी शिक्षा प्राप्त कर अच्छा जॉब भी हासिल कर सकें।

---

# शिवराज चौहान और हिमंत का झारखंड में होगा लिटमस टेस्ट

- आसान नहीं है आदिवासी सीटों पर भाजपा की नैया पार लगाना
- पार्टी में जारी आंतरिक कलह और खेमेबंदी को भी खत्म करने की चुनौती
- विधानसभा चुनाव में होगा दोनों नेताओं की क्षमता का असली लिटमस टेस्ट

**आजाद सिपाही विशेष**

लोकसभा चुनाव 2024 के अपेक्षित परिणाम नहीं मिलने के बाद भाजपा ने राज्यों के चुनाव के लिए अभी से तैयारी शुरू कर दी है। इस साल के अंत तक झारखंड के अलावा महाराष्ट्र, हरियाणा और जम्मू कश्मीर में विधानसभा के चुनाव होंगे, जिनमें से झारखंड पर भाजपा का विशेष ध्यान है, क्योंकि 2019 के विधानसभा चुनाव के बाद इस बार लोकसभा चुनाव में भी उसे आदिवासी वोट नहीं मिला। इसके कारण झारखंड अब भाजपा के लिए महत्वपूर्ण हो गया है। इसलिए भाजपा ने अपने दो नामचीन चेहरों, शिवराज सिंह चौहान और हिमंत विस्वा सरमा को झारखंड में क्रमशः चुनाव प्रभारी और सह प्रभारी नियुक्त किया है। शिवराज सिंह चौहान जहां मध्यप्रदेश में सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री पद पर रहने का रिकॉर्ड बनाने के साथ भाजपा के सफलतम चुनावी रणनीतिकार माने जाते हैं, वहीं हिमंत ने पूर्वोत्तर में भाजपा का विस्तार करने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। इन दोनों नेताओं के साथ खास बात यह है कि ये सामने रह कर चुनावी रणनीति बनाते हैं और उस पर अमल करने के लिए आक्रामक तरीका अपनाते हैं। लोकसभा चुनाव के बाद झारखंड भाजपा में अंदरूनी कलह तेज हुई है। इससे कहीं ना कहीं पार्टी की छवि धूमिल हुई है। इसलिए शिवराज और हिमंत पर प्रदेश भाजपा के भीतर लगातार जड़ जमा रही खेमेबंदी को खत्म कर पार्टी को सत्ता में वापस लाने की बड़ी चुनौती है। इसके अलावा उनके सामने झारखंड के आदिवासी वोटरों को साधने की चुनौती है, जो अलग-अलग कारणों से भाजपा से छिटक गये हैं। जाहिर है कि इन दोनों के लिए विधानसभा चुनाव जीतना आसान नहीं है। क्या है शिवराज सिंह चौहान और हिमंत बिस्वा सरमा को झारखंड भेजने के पीछे की रणनीति और क्या हैं इन दोनों के सामने चुनौतियां, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

लोकसभा चुनाव के बाद अब झारखंड समेत देश के चार राज्यों में विधानसभा चुनाव की गहमा-गहमी शुरू हो गयी है। लोकसभा चुनाव में झारखंड में अपेक्षित सफलता नहीं मिलने से भाजपा बेहद सतर्क हो गयी है और इन राज्यों में होनेवाले चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। पार्टी ने अपने प्रमुख नेताओं को चुनाव प्रभारी और सह-प्रभारी बनाया है। आगामी अक्टूबर-नवंबर में होने वाले झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने कमान शिवराज सिंह को सौंपी है, जबकि उनके साथ सह-प्रभारी के रूप में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा भी रहेंगे।

### शिवराज की लोकप्रियता और हिमंत बिस्वा की छवि भुनाने की रणनीति

शिवराज सिंह चौहान की पहचान एक लोकप्रिय नेता के रूप में है, वहीं हिमंत बिस्वा सरमा की पहचान पार्टी के अंदर फायरब्रांड नेता के रूप में होती है। दोनों ही नेताओं की गिनती भाजपा के अंदर सफल राजनेताओं में होती है। शिवराज सिंह चौहान ने तमाम विपरीत परिस्थितियों में मध्यप्रदेश में भाजपा को सत्ता में वापस लाने में बड़ी भूमिका निभायी। वहीं हिमंत बिस्वा सरमा ने असम में भाजपा को बड़ी जीत दिलाने में सफलता हासिल की। इन दोनों के साथ खास बात यह है कि ये दोनों अलग तरह से काम करते हैं। ये परदे के पीछे रहने की बजाय सामने रह कर राजनीति करते हैं। इनकी स्टाइल बेहद आक्रामक और तत्काल परिणाम देनेवाली है। इसलिए अपने-अपने राज्यों में इन्हें चुनावी सफलता हासिल करने की गारंटी माना जाता है।

### गठबंधन और उम्मीदवार चयन में होगी बड़ी भूमिका

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के बारे में कहा जाता है कि वह पार्टी के अंदर सभी को साथ में लेकर चलने पर विश्वास करते हैं। वहीं हिमंत बिस्वा सरमा का बांग्लादेशी घुसपैठ और अन्य मुद्दों पर आक्रमक तेवर रहा है। दोनों नेताओं की भूमिका अब भाजपा उम्मीदवारों के चयन में महत्वपूर्ण होगी। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा और आजसू पार्टी के बीच तालमेल नहीं हो पाया था, जिसका नुकसान दोनों ही दलों को उठाना पड़ा था। हालांकि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा और आजसू पार्टी ने मिल कर चुनाव लड़ा। इसके बावजूद भाजपा को झारखंड में नुकसान उठाना पड़ा। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 14 में से 11 और आजसू पार्टी ने एक सीट पर जीत हासिल की थी। इस बार के लोकसभा चुनाव में भाजपा को आठ और आजसू पार्टी को एक सीट मिली।





चुनाव परिणाम के बाद मोदी कैबिनेट में आजसू पार्टी को स्थान नहीं मिला। इसके कारण आजसू पार्टी सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने सार्वजनिक तौर पर नाराजगी जतायी है। ऐसे में अब आजसू पार्टी को साथ रखना भाजपा के लिए चुनौती होगी। यदि 2019 की तरह आजसू पार्टी अकेले चुनाव लड़ने का फैसला लेती है, तो भाजपा को फिर नुकसान उठाना पड़ सकता है।

### लोकसभा चुनाव में प्रचार कर चुके हैं दोनों नेता

दोनों नेताओं ने लोकसभा चुनाव में झारखंड में जम कर चुनाव प्रचार किया था। शिवराज सिंह चौहान ने रांची में युवा सम्मेलन किया था, वहीं गोड्डा-महगामा में भी रैलियां की थीं। सरमा ने भी धनबाद और हजारीबाग लोकसभा चुनाव में आक्रामक तरीके से चुनाव प्रचार किया था। खूंटी लोकसभा के तमाड़ में भी उनका कार्यक्रम प्रस्तावित था, लेकिन उनका कार्यक्रम नहीं हो पाया था। लोकसभा चुनाव में भाजपा-आजसू ने विधानसभा की 51 सीटों पर बढ़त ली है। पांच आदिवासी विधानसभा सीटों पर भी भाजपा ने बढ़त ली है, हालांकि चुनाव में सभी पांच आरक्षित लोकसभा सीटें भाजपा हार गयी। लेकिन लोकसभा में जिन सीटों पर बढ़त मिली है, विधानसभा में भी ऐसा होगा, ऐसा नहीं है। इसके लिए भाजपा को नाकों चने चबाने होंगे।

### 'मामा' और 'बारूद' को क्यों मिली झारखंड में बड़ी जिम्मेदारी

शिवराज सिंह चौहान को 'मामा' और हिमंत बिस्वा सरमा को भाजपा के अंदर 'बारूद' नाम से जाना जाता है। इन दोनों को चुनाव प्रबंधन का विशेषज्ञ माना जाता है। चौहान ने जहां 20 साल से अधिक के एंटी इनकमबैंसी के बाद भी मध्यप्रदेश में चुनाव में भाजपा को बड़ी जीत दिलायी, वहीं सरमा ने पूर्वोत्तर में भाजपा के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। चौहान को बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को जोड़ने में माहिर माना जाता है, जबकि सरमा भी अच्छे संगठनकर्ता के साथ-साथ आक्रामक छवि वाले नेता माने जाते हैं।

### इन दोनों के सामने क्या हैं चुनौतियां

जहां तक चुनौतियों का सवाल है, तो इन दोनों के सामने कम से कम तीन चुनौतियां हैं। 2019 के विधानसभा चुनाव में कोल्हान प्रमंडल में भाजपा खाता नहीं खोल पायी थी। संताल में किसी भी जनजातीय आरक्षित सीट पर भाजपा को जीत नहीं मिली थी। राज्य की 28 आदिवासी सीटों में से महज दो, खूंटी और तोरपा में भाजपा को जीत मिली थी। इस बार भाजपा के सामने इन आदिवासी सीटों को दोबारा हासिल करने की चुनौती है।

### जयराम महतो को साधने का चैलेंज

लोकसभा चुनाव 2024 में गिरिडीह, रांची, धनबाद और हजारीबाग क्षेत्र में झारखंड भाषा खतियानी संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) के नेता जयराम महतो मजबूत होकर उभरे हैं। जयराम महतो ने खुद गिरिडीह सीट से चुनाव लड़ कर एनडीए प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी को कड़ी टक्कर दी, जबकि उनकी पार्टी के देवेंद्र नाथ महतो ने रांची और संजय मेहता ने हजारीबाग में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने में सफलता हासिल की। कई विधानसभा क्षेत्रों में जेबीकेएसएस के उम्मीदवार पहले स्थान पर रहे, जबकि कई सीटों पर दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। ऐसे में कुर्मी-महतो वोट को साधने के लिए शिवराज सिंह चौहान और हिमंत बिस्वा सरमा जेबीकेएसएस प्रमुख जयराम महतो से संपर्क कर सकते हैं। जयराम महतो की पार्टी का वोट आधार वही है, जो आजसू पार्टी का है। ऐसे में जयराम महतो और सुदेश महतो के बीच समन्वय बनाना भी आसान नहीं होगा।

### पार्टी में एकजुटता कायम करना

झारखंड भाजपा में हाल के दिनों में खेमेबंदी जिस तरह सामने आयी है, उससे साफ हो गया है कि ऐसे तो काम नहीं चलनेवाला है। दुमका और देवघर में पार्टी की बैठकों में जिस तरह के आरोप-प्रत्यारोप लगे, वह भाजपा में पहले कभी नहीं हुआ था। पार्टी नेतृत्व को पता चल गया है कि संताल में पार्टी में अनुशासन नामक चीज नहीं रह गयी है। चौहान और सरमा को इस पर तत्काल रोक लगानी होगी। भाजपा की पहचान अनुशासित पार्टी के रूप में होती है और यदि इस तरह की घटनाएं होती रहीं, तो इसका चुनावी संभावनाओं पर गंभीर असर पड़ेगा। इसलिए इन दोनों नेताओं के सामने इसे खत्म करने की बड़ी चुनौती है।

* ओड़िशा संस्करण

9 YEARS

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची 22 जून, 2024, शनिवार, वर्ष 09, अंक 242, ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा, संवत 2081, पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00



Wild Waadi
WILD WAADI
An Entertainment Hub
INR 300 Mon - Fri
INR 400 Sat-Sun & Holiday
BOOK NOW :- 9304816880
Water Park | Trampoline Park
Bird Park | Night Light Park & More



मादक पदार्थों पर रोक के लिए पूर्णत: संकल्पित झारखण्ड सरकार...

RESIST!
REDUCING SUBSTANCE INGESTION AND STOPPING TRAFFICKING

ड्रग्स के कुचक्र को तोड़ो
जीवन से नाता जोड़ो

नशा से छुटकारे के लिए तुरंत संपर्क करें

रिनपास, राँची | केंद्रीय मनोचिकित्सा संस्थान, राँची
अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, देवघर | जिला अस्पताल के आईसीटीसी/एआरटीसी परामर्श केंद्र

टोल फ्री न॰ 112 (24x7) पर कॉल करें

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

P.R 327299 (IPRD)24-25


### उद्योग विभाग की समीक्षा बैठक में सीएम ने अफसरों को दिये निर्देश

# बंद पड़ी औद्योगिक इकाइयों को पुनर्जीवित करें : चंपाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा है कि राज्य में बंद पड़ी औद्योगिक इकाइयों को पुनर्जीवित किया जायेगा। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड इंडस्ट्रियल एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (जियाडा) के अंतर्गत वैसी औद्योगिक यूनिट, जो स्थापित होने के बाद किसी कारणवश बंद पड़ी हैं, उनका सर्वेक्षण करें। बंद पड़ी औद्योगिक इकाइयों का नये सिरे से एलॉटमेंट कर उन्हें पुनर्जीवित करें। बंद पड़ी औद्योगिक इकाइयां पुनर्जीवित होंगी तो हजारों की संख्या में लोगों को रोजगार से जोड़ा जा सकेगा। मुख्यमंत्री शुक्रवार को उद्योग विभाग की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में बड़े-बड़े इंडस्ट्री के साथ-साथ लघु, कुटीर एवं छोटे-छोटे ग्रामोद्योगों को हर हाल में बढ़ावा दें। सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे-छोटे लघु, कुटीर एवं ग्रामोद्योगों से जोड़ कर गरीब, किसान तथा जरूरतमंद लोगों की आय में वृद्धि लायी जा सकती है। झारक्राफ्ट तथा खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक संख्या में महिलाओं को प्रशिक्षण देकर हुनरमंद बनाये। महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ कर उन्हें आत्मनिर्भर बनायें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य सरकार द्वारा बनायी गयी औद्योगिक नीति के तहत 75 फीसदी नियोजन स्थानीय लोगों को मिले, यह सुनिश्चित किया जाये। बैठक में मुख्य सचिव एल खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर प्रधान सचिव अविनाश कुमार, उद्योग विभाग के सचिव प्रवीण टोप्पो, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, एमडी जियाडा शशि रंजन सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

#### धागा उत्पादन के क्षेत्र में रोजगार की असीम संभावनाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में धागा उत्पादन के क्षेत्र में रोजगार की काफी संभावनाएं दिख रही हैं। राज्य खादी बोर्ड एवं झारक्राफ्ट के प्रतिनिधि महिलाओं को धागा उत्पादन के क्षेत्र में रोजगार के लिए प्रेरित करें। उन्हें प्रशिक्षित भी करें। तसर, रेशम कोकून की प्रोसेसिंग तथा धागा तैयार करने की ट्रेनिंग महिलाओं को अवश्य दें। जिन महिलाओं को खादी बोर्ड एवं झारक्राफ्ट द्वारा प्रशिक्षण दिया जाता है, उन्हें राज्य सरकार की नीति के तहत 35% सब्सिडी देकर उपकरण भी उपलब्ध करायें। सरायकेला-खरसावां जिला अंतर्गत राजनगर में स्थापित खादी पार्क में वस्त्र निर्माण उद्योग के लिए कार्य योजना बनायें।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रीनगर में योग किया



#### लोगों के साथ सेल्फी ली

आजाद सिपाही संवाददाता

**श्रीनगर।** शुक्रवार को 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रीनगर में योग किया। पहले यह कार्यक्रम डल झील के किनारे 6:30 बजे होना था, लेकिन बारिश की वजह से इसे हॉल में शिफ्ट कर दिया गया। यह सुबह करीब 8 बजे शुरू हो पाया। हॉल में करीब 50 लोग और हॉल के बाहर करीब सात हजार लोगों ने प्रधानमंत्री के साथ-साथ योग के मुश्किल आसन किये। इसके अलावा आइएनएस विक्रमादित्य पर नौसेनिकों ने सुबह करीब 7 बजे योग किया। लद्दाख में चीन से सटी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के करीब पैंगॉन्ग झील के किनारे आइटीबीपी के जवानों ने अलग-अलग आसन कर 10वां योग दिवस मनाया। गौरतलब है कि 2014 में संयुक्त राष्ट्र (यूएन) ने 21 जून के दिन को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया था। तब से इसे अलग-अलग थीम पर मनाया जा रहा है। इस बार की थीम 'योगा फॉर सेल्फ एंड सोसाइटी' था।






सबका साथ सबका विकास

राजनीतिज्ञ, समाजसेवी एवं शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय : पूरी तरह समर्पित हैं गढ़वा के लिए

उपलब्धियाँ

- वर्ष 2008 में नगर पंचायत चुनाव जीत कर नगर पंचायत गढ़वा के प्रथम उपाध्यक्ष बनकर शहरवासियों को सेवा प्रदान की।
- गढ़वा नगर परिषद् में संस्थागत ढाँचे के साथ – साथ विकास की नींव रखी।
- बेलचंपा से गढ़वा शहर को होने वाले जलापूर्ति के लिए हमेशा प्रयासरत रहे, इन्होंने इसकी आधार शिला भी रखीं।
- नगर पंचायत उपाध्यक्ष रहते हुए गढ़वा शहर को ट्रैफिक की समस्या से निजात दिलाने के लिए मिनी बाईपास सड़क का निर्माण करवाया, जिसमें दानरो नदी तट पर तथा उचरी से नगवां मोहल्ला के बीच मिनी बाईपास सड़क बनवाया।
- उपाध्यक्ष पद पर रहते हुए इन्होंने 100 से अधिक कर्मियों की गढ़वा नगर पंचायत में बहाली करवायी।
- वर्ष 2009 में भाजपा के टिकट पर गढ़वा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़े।
- गढ़वा – रंका विधानसभा के अतिरिक्त गढ़वा जिले में उस समय भाजपा की स्थिति अच्छी नही होने के बावजूद भाजपा की स्थिति को मजबूत करने में अपने लक्ष्य पर डटे रहे।
- समाजिक कार्य में हमेशा बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते रहे।
- वर्ष 1995 में विश्वस्तरीय समाजसेवी संस्था ज्वायंट्स ग्रुप के फाउंडर प्रेसिडेंट बने।
- गढ़वा में शैक्षणिक स्थिति सुधारने के लिए 1994 में पहली सी.बी.एस.ई. मान्यता प्राप्त इंग्लिश मीडियम स्कूल की स्थापना की।
- व्यावसायियों के हित के लिए गढ़वा चैम्बर ऑफ कॉमर्स की स्थापना मे महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।
- भाजपा द्वारा प्रदेश कार्य समिति सदस्य बनाये जाने के बाद लोकसभा चुनाव में कई अहम जिम्मेदारी निभायी।
- पलामू लोकसभा एवं चतरा लोकसभा चुनाव में पार्टी द्वारा अहम जिम्मेदारी सौंपी गयी जिसे उन्होंने बखुबी निभाया।
- छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में नारायणपुर जिला एवं विधानसभा प्रभारी बने, जहाँ पार्टी ने रिकॉर्ड मत से जीत हासिल की।
- यू.पी. एवं बिहार के कई चुनाव में अहम भूमिका निभायी
- जनहित में स्थानीय मुद्दों को लेकर हमेशा आंदोलनरत रहे हैं।
- 2018 के गढ़वा नगर परिषद् चुनाव में अपनी पत्नी मीरा पांडेय को चुनाव मैदान में उतारा, जिन्होंने भारी मतों से जीत दर्ज की।
- उनकी पत्नी श्रीमती मीरा पांडेय नगर परिषद् उपाध्यक्ष के पद पर रहकर अवैतनिक रूप से शहरवासियों की सेवा करती रहीं।
- गढ़वा जिला के शैक्षणिक स्तर को उपर उठाने के लिए कई उच्च शिक्षण संस्थान की स्थापना की।
- बी. एड.,नर्सिंग कॉलेज, डी. फार्मा, डी. एल. एड. सहित कई शिक्षण संस्थान को अपने निर्देशन मे संचालित कर रहे हैं।
- गढ़वा में खेल-कूद के विकास के लिए अहम योगदन दिया।
- क्रिकेट, टेबल टेनिस एवं शतरंज के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए नियमित टुर्नामेंट करवाया। इसी प्रयास के कारण गढ़वा के खिलाड़ी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपने खेल का जौहर दिखा रहे हैं।
- अतंर्राष्ट्रीय सेवा संस्था गढ़वा रेड क्रॉस सोसाईटी के सदस्य हैं।
- अपनी अध्यक्षता में गढ़वा के मशहूर रामलला मंदिर का भव्य निर्माण करवाया।
- अपने सरल स्वभाव, मृदुभाषी एवं मिलनसार प्रवृत्ति के कारण लोगों के सुख-दुख में पिछले 30 वर्षो से लगातार जुड़े रहे हैं।



अलखनाथ पांडेय
प्रदेश कार्य समिति सदस्य,भाजपा
गढ़वा (झारखंड)

आजाद सिपाही के 9वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई

# हजारीबाग-कोडरमा के लोगों ने उत्साह के साथ किया योग

## आइसेक्ट विश्वविद्यालय में योग कार्यक्रम आयोजित



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर झील परिसर स्थित ओपन एम्फी थियेटर परिसर में आइसेक्ट विश्वविद्यालय के एनएसएस इकाई के बैनर तले शुक्रवार को योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के प्राध्यापक-प्राध्यापिकाओं के साथ साथ बड़ी संख्या में विद्यार्थी व अन्य लोग शरीक हुए। मौके पर योगाचार्य मनीष कुमार ने सुबह पांच बजे 7 बजे के बीच मौजूद लोगों को सूर्य नमस्कार, पद्मासन, चक्रासन, मयुरासन, वक्रासन, ताड़ासन, प्राणायाम सहित कई महत्वपूर्ण योग कराये। साथ ही ध्यान, संकल्प और शांति पाठ भी कराये गये। आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि योग हमें अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बना लेना चाहिए क्योंकि निरोग रहने का उत्तम साधन योग है। बताते चलें कि अरेबिक व जुम्बा के प्रशिक्षक दीपक कुमार ने म्यूजिक के जरिए योगाभ्यास कराया, जिसे मौजूद लोगों ने आनंद पूर्वक किया। वहीं योग में पीजी कर रहे विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने कई कठिन योग भी किये और उसके लाभ से भी अवगत कराया। योगाभ्यास कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक, डॉ मुनीष गोविंद, डॉ एसआर रथ, डॉ एमके मिश्रा, डॉ बिनोद कुमार, विजय कुमार, ललित कुमार, माधवी मेहता, डॉ अरविंद कुमार, डॉ रोजिकांत, डॉ प्रीति व्यास, रितेश कुमार, कुमारी सीमा, अजय बर्नवाल, संजय दांगी, अमित कुमार, राहुल रजवार, पंकज प्रज्ञा, मुकेश कुमार, कुमारी काजल सोनी, रविकांत कुमार, प्रभात कुमार, प्रभात किरण, रोहित कुमार, रोहित मिंज, कैलाश कुमार, संजय कुमार, आशा गुप्ता, कोमल कुमारी, डॉ आलोक राय, अजय, मोहम्मद जाहिद, मुकेश कुमार, राजेन्द्र कुमार सहित प्राध्यापक-प्राध्यापिकाएं और कर्मियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे।

## ऑक्सफोर्ड अकादमी में योग दिवस मना



चंदवारा (आजाद सिपाही)। ऑक्सफोर्ड अकादमी महथाडीह चंदवारा में विश्व योग दिवस मनाया गया। इस दौरान विद्यालय निदेशक सह प्राचार्य रोहित कुमार रजक ने योग के महत्व को विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि योग से हम मानसिक व शारीरिक दोनों रूप से स्वस्थ रहते है। वंही उमेश कुमार वर्णवाल ने बच्चों को योग कर के इनके फायदे बताये। बच्चों में भी इस योगा कार्यक्रम को काफी खुशियों व उमंग के साथ मनाया। बच्चों ने भी प्रतिदिन योग करने का संकल्प लिये। बच्चों के साथ-साथ ऑक्सफोर्ड अकादमी सभी अभिभावकों से भी अपने दिनचर्या में योग को शामिल कर प्रतिदिन योग करने की अपील की।

## योग के विभिन्न आसनों का किया गया प्रदर्शन



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। योग, जो भारत की प्राचीन परंपरा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। आज वैश्विक स्तर पर अपने शारीरिक और मानसिक लाभों के लिए मान्यता प्राप्त कर चुका है। 21 जून को पूरे विश्व में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। पकरी बरवाडीह खनन परियोजना के लंगातू स्थित कैंप कार्यालय में त्रिवेणी सैनिक में भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर योग के विभिन्न आसनों और प्राणायाम का प्रदर्शन किया गया। कर्मचारियों ने प्रशिक्षित योग गुरुओं के मार्गदर्शन में योगाभ्यास किया और योग के शारीरिक और मानसिक लाभों के बारे में जानकारी प्राप्त की। टीएसएमपीएल के डायरेक्टर ऑपरेशन संजय कुमार खटोड़े ने इस मौके पर कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया में सबसे बड़ा धन निरोग शरीर है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन निवास करता है। हम सभी को अपनी दिनचर्या में योग को अपनाना चाहिए। हमें केवल योग दिवस पर ही नहीं, बल्कि प्रत्येक दिन योग करना चाहिए। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस हमें यह संदेश देता है कि योग केवल एक दिन का आयोजन नहीं है, बल्कि इसे हमें अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। नियमित योगाभ्यास से हम न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रह सकते हैं, बल्कि मानसिक और आत्मिक शांति भी प्राप्त कर सकते हैं। इसलिए, आइए इस योग दिवस पर संकल्प लें कि हम योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करेंगे और स्वस्थ और संतुलित जीवन की ओर कदम बढ़ायेंगे।

## डीसी, एसपी, विधायक सहित पांच हजार लोगों ने किया योग



कोडरमा (आजाद सिपाही)। 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिला प्रशासन की ओर से कोडरमा प्रखंड मैदान परिसर में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक डॉ नीरा यादव ने किया। योग कार्यक्रम में जिला प्रशासन के आला अधिकारियों समेत पुलिस प्रशासन, स्वयंसेवी संस्था व विभिन्न विद्यालयों के लगभग 5 हजार लोग शामिल हुए। वैदिक मंतोच्चार व भारत माता की जय के साथ 1 घंटे तक चले इस योग्य कार्यक्रम में पतंजलि योग समिति के योग प्रशिक्षक अजीत कुमार आजाद व सविता बरनवाल सूर्य नमस्कार से लेकर वृक्षासन त्रिकोणासन प्राणायाम शीर्षासन कपालभाति और अनुलोम विलोम कराया गया। मौके पर विधायक मीरा यादव ने कहा कि मन व तन को स्वस्थ रखने के लिए योग जरूरी है। कार्यक्रम में डीसी ऋतुराज, एसडीओ रिया सिंह, डीएफओ सूरज कुमार जिला शिक्षा पदाधिकारी अजय कुमार, बीडीओ सुमन गुप्ता नगर परिषद के कार्यपालक प्रशासक हर्षवर्धन, सिविल सर्जन अनिल कुमार खेल पदाधिकारी कैलाश राम के अलावा कई जिला प्रशासन के अधिकारी व विधायक प्रतिनिधि वह गणमान्य लोग मौजूद थे। योग कार्यक्रम में लगभग एक दर्जन सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों के छात्र छात्राओं के अलावा पतंजलि योग समिति विभिन्न स्वयंसेवी संस्था के सदस्य मौजूद थे। कार्यक्रम के अंत में उपयुक्त मेघा भारद्वाज ने योग प्रशिक्षकों को मोमेंटो व शॉल देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित हुए योग प्रशिक्षकों में अजीत कुमार आजाद, सविता बरनवाल, सुनील कुमार, राम पुकार, कलावती देवी, चंद्रलता बरनवाल,दीपा गुप्ता, सुरेश कुमार, राजेश पंडित और आकाश सेठ सहित अन्य के नाम शामिल है।


## टाटीझरिया में प्रतिदिन योग करने का लिया गया संकल्प



खैरा में कुमारी माधुरी, झरपो में शिबु प्रसाद सोनी, भराजो में स्वास्तिका कुमारी, टाटीझरिया

टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। टाटीझरिया प्रखंड के प्रखंड कार्यालय से लेकर सभी पंचायत भवन, निजी और सरकारी विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके अलावा भाजपा की ओर से बाबा बालक नाथ परिसर में योगाभ्यास प्रखंड अध्यक्ष कैलाशपति सिंह की अध्यक्षता में की गयी। सभी कार्यकर्ता को विकास मिश्रा के द्वारा योगाभ्यास कराया गया। वही प्रखंड के सभी पंचायत भवन में मुखिया की अध्यक्षता में की गयी जिसमें सुरेश यादव, डहरभंगा रेखा देवी, डुमर ममता देवी है। वही सभी पंचायत भवन में प्रखंड कार्यालय से एक कर्मचारी उपस्थित थे। इसके अलावा एडिसन पब्लिक स्कूल, नेशनल पब्लिक स्कूल, इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, विवेकानंद विद्या मंदिर, मध्य विद्यालय अमनारी, भराजो, शिशु विकास विद्यालय झरपो रोहित कुमार, उचित नारायण उच्च विद्यालय में दशरथ नारायण सिंह, आर्यन डीएवी पब्लिक स्कूल, सुधीर कुमार विवेकानंद सेंट्रल पब्लिक स्कूल समेत अन्य जगह मनाया गया। सभी ने योगा करने के बाद प्रतिदिन योगा करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रमुख संतोष मंडल, उपप्रमुख रवि वर्णवाल, मिथलेश पाठक, महेश अग्रवाल, राजु यादव, रजनीकांत चौधरी, सुधीर कुमार, भोलेनाथ यादव, सुरेश मिश्रा, अरूण रवि, सहदेव गोप, रोहित कुमार, उर्मिला कुमारी, गीता देवी, पिंटु कुमार, सत्यानंद पांडेय, प्रमोद कुमार पांडेय, सुरेश पांडेय, गीता मेडम, आरती मेडम, अर्चना सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिका योगा दिवस पर योगाभायस किया।

## सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने निरोग रहने का लिया संकल्प



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। प्रखंड के हजारीबाग रोड स्थित अंग्रेजी माध्यम से संचालित विद्यालय बीएम मेमोरियल स्कूल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के मौके पर जहां पूरा विश्व योग कर रहा है उसी के आलोक बीएम मेमोरियल स्कूल परिसर में योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर योग किया। मौके पर योग शिक्षक भारती कुमारी और संतोष ठाकुर योग करने के लिए जागरूक करने के साथ-साथ योग से होने वाले फायदे के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया। वही विद्यालय के प्राचार्य कैलाश कुमार और उप प्राचार्य पूनम कुमारी ने संयुक्त रूप से कहा कि योग को विश्व स्तर मान्यता प्राप्त हो चुका है आज हम सभी जानते हैं कि वैश्विक स्तर पर अपने शरीर और मानसिक रोगो के लिए योग सबसे महत्वपूर्ण क्रिया है। मौके पर मुख्य रूप से निदेशक संदीप कुशवाहा, उपनिदेशक पिंटू कुशवाहा, विद्यालय शिक्षा चेयरमैन रंजीत कुमार, वरिष्ठ शिक्षक ब्रह्मदेव सिंह चौहान, सुमित कुमार, अमीन अंसारी, ऋषभ अग्रवाल, दिलेश्वर दास, महेंद्र विश्वकर्मा, मुकेश दास, एरिका टोप्पो, सरिता बा, अंजली मिश्रा, देवंती देवी, सुमन देवी, मनीषा कुमारी, अफसाना खातून, गंगा भारती, स्नेहा कुमारी, सोनू कुमार, आशीष कुमार, राजेश कुमार, आनंद राज, संदीप शर्मा, विकास ठाकुर, सुभाष प्रसाद, गुरदयाल ठाकुर, संजू देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

### करे योग रहे निरोग : अंबा

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बड़कागांव की कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद ने रांची धुर्वा स्थित आवास में योगा किया और योग आसन करके स्वस्थ रहने का संदेश दिया। विधायक ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि योग करने से मानव निरोगी रहते हैं। इसलिए हम सभी को निरोगी रहने के लिए योग अवश्य करना चाहिए।

## बच्चों के साथ-साथ शिक्षकों ने भी किया योग



झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)। सेक्रेड हार्ट स्कूल में अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को योगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों के साथ-साथ शिक्षकों ने भी योग किया। योग शिक्षक आकाश कुमार सेठ, योग के राष्ट्रीय खिलाड़ी दीपक यादव और तनुश्री ने बच्चों को पद्मासन, शीर्षासन, मंडूकासन, ग्रीवा संचालन, वज्रासन, भद्रासन, शुष्कासन, उष्ट्रासन, वक्रासन सहित अन्य आसान कराया। प्राचार्य प्रमोद कुमार शर्मा ने भी बच्चों के साथ योग किया। उन्होंने स्वस्थ जीवन के लिए नियमित रूप से योग करने की सलाह बच्चों को दी। मौके पर एकेडमिक कोऑर्डिनेटर प्रवीण कुमार, कुंदन राणा, दीपक सर्राफ, सुभय कुमार, आशुतोष गौतम, चंदन पांडेय, संजय तिवारी, जयप्रकाश सिंह, सीमा जैन, सपना शर्मा, प्रियंका सिंह, प्रियंका गुप्ता, रंजीता कुमारी, सरोज पांडेय, रेणु सेठ, अलका सिंह, रूबी वर्मा, स्वीटी सिंह, लवली कुमारी, अनुष्का कुमारी, शशि राज, सुपर्णा डे समेत अन्य शिक्षक, बच्चे और शिक्षकेत्तर कर्मी मौजूद थे।

## योग दिवस पर शिविर का आयोजन

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। कमांडो इंडस्ट्रिल सिक्योरिटी फोर्स के द्वारा योग शिविर हजारीबाग के प्रसिद्ध संत कोलंबस महाविद्यालय के मैदान में आयोजित किया गया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के थीम- योग फॉर सेल्फ एंड सोसाइटी को कमांडो सिक्योरिटी ने अपना कर सफल बनाया। इस शिविर में रिटायर्ड डिफेंस पर्सनल, कमांडो के सभी कर्मी, छात्र और हजारीबाग के जनता ने भाग लिया। योग के बढ़ावा देने के लिए हजारीबाग के जनता ने कमांडो को काफी सराहा और अपने जीवन में योग को शामिल करने का निर्णय लिया। कमांडो सिक्योरिटी संस्था के मुखिया नवल किशोर सिंह जी कहा की प्राचीन काल से चला आ रहा योग पद्धति को आगे बढ़ाने का कार्य हम सब कर रहे है।

## योगाभ्यास करने से शरीर स्वस्थ रहता है



विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर गिरिजा नायक मेमोरियल स्कूल में योग कराया गया। इस अवसर पर निदेशक छोटेलाल प्रसाद ने योगाभ्यास कराते हुए कहा कि अगर अपने शरीर, मस्तिष्क और आत्मा को नियंत्रित रखना है तो जीवन में योग को नित्य जरूर अपनाए। क्योंकि नियमित योगाभ्यास करने से शरीर और मस्तिष्क दोनों स्वस्थ रहता है। मौके पर शिक्षिका गुंजा कुमारी, संजू कुमारी, विजय कुमार, बालेश्वर पटेल आदि उपस्थित थे। इसके अलावा उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय सारूकुदर, अचलजामु में भी योग्याभ्यास किया गया।

## रोजाना करें योग, रहें निरोग : भैया अभिमन्यु

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। जहां एक और पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के शुभ अवसर पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित की गयी, वही हजारीबाग शहर में सामाजिक और धार्मिक कार्यों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने वाले भाजपा नेता भैया अभिमन्यु प्रसाद ने भी लोगों को रोजाना योग करने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने ये भी कहा की योग ही एक ऐसी दवा है जो नि:शुल्क लोगों को निरोग रखने में रामबाण साबित होता हैं। योग करने से शरीर चुस्त और दुरुस्त रहते है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर झील परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कई लोग शरीक हुए। लोगों ने सूर्य नमस्कार, पद्मासन, चक्रासन, मयुरासन, वक्रासन, ताड़ासन, प्राणायाम सहित कई महत्वपूर्ण योग किए। उन्होंने यह भी कहा कि योग सभी को रोजाना सुबह कम से कम 15 से 20 मिनट करनी चाहिए इसे एक डेली रूटीन में अंकित करनी चाहिए ताकि शरीर स्वस्थ और तंदरुस्त रहे।

### अज्ञात शव जलाने और दंपति लापता मामले को सात दिन बाद भी नहीं सुलझा पायी पुलिस

# लापता राहुल के पिता, भाई और ड्राइवर से पूछताछ जारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** जिले के इचाक थाना क्षेत्र के कुरहा गांव निवासी कोचिंग संचालक राहुल कुमार और पत्नी पूजा यादव के अचानक गायब होने और इधर परासी के शमशान घाट में जले दो अज्ञात शव की गुत्थी को इचाक पुलिस ने घटना के सातवे दिन भी पुलिस नही सुलझा पायी। घटना को सुलझाने में डीएसपी श्री नीरज और थाना प्रभारी संतोष कुमार लगे हैं। दोनों घटना के तार को पुलिस एक साथ जोड़ कर देख रही है। इस क्रम में पुलिस ने राहुल के पिता ईश्वर मेहता, भाई बबलू मेहता और ड्राइवर विकास सोनी को पुलिस हिरासत में ले कर पूछताछ कर रही है। साथ ही अन्य संभावित ठिकानों पर छापेमारी भी कर रही है।

घटना के सातवें दिन शुक्रवार को सीआइडी की टीम डॉग स्क्वायड के साथ परासी में संचालित राहुल के कोचिंग संस्थान पहुंची। जहां पुलिस को कई निशान भी मिले हैं, जिसके बाद उसके कमरा को सील कर दिया गया। उसके बाद अंत्येष्ठि स्थल पर पुलिस डॉग स्क्वायड के साथ पहुंच कर कई बिंदुओं की जांच की। जांच के क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने राहुल के पिता के ड्राइवर विकास कुमार सोनी पिता यमुना सोनी ऊपर बाजार निवासी को हिरासत में ले कर सख्ती से पूछताछ किया। जिसके निशानदेही पर राहुल के पिता कुरहा निवासी ईश्वर मेहता और भाई बबलू मेहता को उसके घर से पुलिस उठा कर थाना ले आयी। उसके बाद तीनों को हजारीबाग ले जाकर पुछ ताछ की। शुक्रवार शाम तक पुलिस टीम अन्य संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही थी। खबर लिखे जाने तक हिरासत में लिए तीनों से पुलिस पूछताछ कर रही थी।

**गुरुवार को पूजा के परिजनों ने भी थाना को दिया आवेदन:** राहुल की पत्नी पूजा यादव जो यूपी के रहनेवाली थी। जब उसके परिजनों को पूजा और राहुल के गायब होने की सूचना मिली तो इचाक थाना पहुंचकर राहुल के घरवालों पर मामला दर्ज कराया। पूजा यादव के पिता राम मूर्त यादव, बहन नीलम यादव, जीजा हिमांशु कुमार, भाई बिनोद यादव ने पुलिस और न्यायलय से इंसाफ दिलाने की मांग की है।

**घटना के विरोध में बंद रहा इचाक बाजार:** 15-16 की रात्रि इचाक के करोंजा टोला शमशान में दो शव जलाने और उसी दिन से इचाक बाजार के पोस्ट ऑफिस के नजदीक रहने वाले राहुल और पूजा के रहस्मयी ढंग से गायब होने के सात दिन बीत जाने के बाद उद्भेदन नहीं होने के विरोध में शुक्रवार को इचाक बाजार पूर्ण रूप से बंद रहा। बाजार में एक दुकान भी नहीं खुले। हर कोई घटना का उद्भेदन का इंतजार करता दिखा। इससे एक दिन पूर्व संध्या में कैंडल मार्च निकाला कर घटना का विरोध जताया गया था।

### क्या है मामला

15 - 16 जून की रात्रि इचाक के करौनजा टोला में दो अज्ञात शव की अंत्येष्टि हुई थी, जिसकी जानकारी सुबह वहां के ग्रामीणों को लगी। जबकि उस गांव या आसपास किसी की मौत नहीं हुई थी। उसी रात इचाक पोस्ट ऑफिस के निकट रहने वाले कोचिंग संचालक दंपति राहुल और पूजा रहसमयी ढंग से गायब हो गये। इस मामले को लेकर ग्रामीणों और कोचिंग के छात्र छात्राओं ने थाने को आवेदन देकर जांच की मांग की थी। आवेदन के बाद पुलिस एक्शन में आयी और अनुसंधान प्रारंभ कर टेक्निकल सेल की मदद से घटना को अंजाम देने वालों तक पहुंची।

## 25 जून से चाणक्य आइएएस एकेडमी में जेपीएससी बैच शुरू



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए देश का प्रतिष्ठित संस्थान चाणक्य आईएएस एके–डमी के कौशल्या प्लाजा स्थित हजारीबाग शाखा में आगामी 25 जून से जेपीएससी के नए बैच की शुरूआत की जा रही है। उक्त जानकारी देते हुए संस्थान के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा व जेनरल मैनेजर रीमा मिश्रा ने कहा कि देश की राजधानी दिल्ली में कक्षाएं लेने वाले विषय विशेषज्ञों के माध्यम से ही चाणक्य आईएएस एकेडमी के हजारीबाग शाखा में भी कक्षाएं आयोजित कराई जाती है। उन्होंने कहा कि आगामी 25 जून से जेपीएससी के नए बैच की शुरूआत इतिहास विषय के साथ होगी। बताते चलें कि चाणक्य आईएएस एकेडमी की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि हजारीबाग में भी दिल्ली जैसी सभी सुविधाएं अभ्यर्थियों को प्रदान की जाती है। स्मार्ट क्लास, स्पेशल डाउट कक्षाएं, ग्रूप डिस्कशन, उत्तरलेखन व व्यक्तिगत रूप से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन, अत्याधुनिक लाइब्रेरी, अनुकूल वातावरण, लोकल लैंग्वेज की कक्षाएं जैसी जरूरी विशेषताओं के कारण चाणक्य आइएएस एकेडमी से तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों का परीक्षा परिणाम अपेक्षाकृत बेहतर होता है। इच्छुक अभ्यर्थी 7717772577 पर संपर्क कर बैच संबंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। संस्थान के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा व जेनरल मैनेजर रीमा मिश्रा ने आज होने वाले जेपीएससी मेंस परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं दी।

## आभार जताने खैरा पहुंची सांसद सह केंद्रीय मंत्री



टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के खैरा चौक पर भारत सरकार के महिला और बाल विकास मंत्री सह सांसद कोडरमा अन्नपूर्णा देवी ने आभार जताने के लिए खैरा पहुंची जहां सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल के नेतृत्व में कार्यकताओं ने ढोल–नगाडा और बुके देकर स्वागत किया। मंत्री के साथ स्थानीय विधायक अमित यादव, को बुके और माला पहनाकर कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत, किया। सभी कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय मंत्री सह सांसद को बारी–बारी से बुके देकर स्वागत किया। सांसद सह केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आपलोग का जो आशीर्वाद मिला उसका भरपाई जरूर करेंगे। मौके पर उपप्रमुख रवि वर्णवाल, मुखिया कुमारी माधुरी, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र पांडेय, दशरथ नारायण सिंह, सुरेंद्र राणा ज्योतिष पंडा, संतोष कुमार, सुरेश प्रसाद, मुकेश कुमार, सोबरन महतो, राजकुमार सिंह, जीतन महतो, बद्री साव, शंकर वर्मा, विनय दास, बद्री भुइयां, विनोद महतो, रजनीकांत चौधरी, श्याम पंडा, बिपुल पंडा, दीपक सिंह, बसंत सिंह, धर्मेंद्र सिंह, मिठु राम, दीपक पाठक सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कोडरमा में राजा तालाब के पास मिला शव

कोडरमा (आजाद सिपाही)। शुक्रवार की सुबह कोडरमा थाना अंतर्गत राजा तालाब के पास सूर्य मंदिर के पीछे एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया। मृतक की पहचान उदय प्रसाद सिंहा के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार पति–पत्नी के बीच विवाद चल रहा था। तीन दिन पहले मामला महिला थाना तक पहुंचा था। गुरुवार की देर शाम मृतक घर से निकल गया। संभावना है कि जहर खाकर उसने अपनी जान दे दी। शुक्रवार की सुबह आसपास के लोगों ने उसे वहां देखा तो इसकी सूचना कोडरमा पुलिस को दी गयी। इस दौरान थाना प्रभारी सुजीत कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने बताया है कि शव बरामद हुआ है, पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। मामले की जांच चल रही है।

## वज्रपात से युवती की मौत

विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। विष्णुगढ़ पंचायत के ग्राम नावाडीह में वज्रपात से एक युवती की मौत हो गयी। इस सम्बंध में मिली जानकारी के मुताबिक विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव के सोनिया कुमारी 22 और सोनम कुमारी दोनों आम चुनने गयी थी कि इसी दौरान तेज वारिश के साथ वज्रपात हुई, वर्जपात की चपेट में आने से सोनिया कुमारी की मौत हो गयी। वही सोनम का बायां पैर भी जल गया। घटना में वह बाल–बाल बच गयी। परिजनों और ग्रामीणों ने बताया कि घर के बगल में आम के पेड़ के नीचे सोनिया कुमारी 22 पिता खुशी भुइयां और सोनम कुमारी 18 पिता अशोक राम जिसमें सोनिया कुमारी की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। अगले महीने जुलाई में मृतिका की शादी होने वाली थी।

# अन्नपूर्णा देवी के सामने अमित यादव का जम कर विरोध, लगे मुर्दाबाद के नारे

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** कोडरमा सांसद सह कैबिनेट मंत्री अन्नपूर्णा देवी लोकसभा 2024 में चुनाव जीतने के बाद पहली बार इचाक प्रखंड में जनता का आभार प्रकट करने गुरुवार को पहुंची थी। इसी बीच दरिया मंदिर परिसर में मंत्री के साथ मौजूद निर्दलीय विधायक अमित कुमार यादव का युवाओं ने पूर्ण विरोध करना शुरू कर दिया। कैबिनेट मंत्री के सामने दर्जनों की संख्या में लोगों ने अमित यादव मुदार्बाद के नारे लगाकर विरोध किया। दरिया के मंदिर परिसर में जैसे ही जनता के बीच मंत्री ने संबोधन शुरू किया वैसे ही उपस्थित युवाओं ने पुरजोर विरोध दर्ज करते हुए निर्दलीय विधायक के खिलाफ नारेबाजी करना शुरू कर दिया। भाजयुमो इचाक पूर्वी मंडल अध्यक्ष छत्रधारि मेहता ने आरोप लगाते हुए कहा कि निर्दलीय विधायक अपने खास लोगों के साथ मिलकर भाजपा पार्टी को तोड़ने का काम कर रहे हैं। छात्रधारी प्रसाद मेहता ने बताया की दरिया मंदिर निर्माण के दौरान पूजा समिति को विधायक द्वारा अपने घर पर दुर्व्यवहार किया गया था। साथ ही एक प्यासे कार्यकर्ता को जब विधायक जी से पानी पीने के लिए मांग किया गया था तो अपने कार्यकर्ता को पानी तक नहीं पिलाया गया। जिससे कार्यकर्ता और ग्रामीण ऐसे व्यवहार पर खेद प्रकट किये है। विरोध दर्ज करने वालो में दर्जनों लोग शामिल थे। विधायक अमित कुमार यादव से पूछे जाने पर बताया की यह सब साजिश के तहत विरोधियों के द्वारा किया कराया गया है। लोग मेरी लोकप्रियता से घबरा गये है और ऐसी ओक्षी हरकत कर रहे हैं।

# रोजगार देने के बहाने शोषण

बिहार के मुजफ्फरपुर में डीवीआर मार्केटिंग नामक एक फर्जी कंपनी में 50,000 रुपये मासिक तक का अच्छा वेतन देने का झांसा देकर कई युवतियों को महीनों तक बंधक बना कर रखने और उनका यौन उत्पीड़न करने का मामला सामने आया है। आरोपियों से बच कर अदालत में पहुंची एक पीड़िता, की शिकायत पर इरफान, तिलक सिंह, अहमद रजा, हरे राम, मनीष सिन्हा, एनामुल अंसारी, विजय कुशवाहा और कन्हैया कुशवाहा समेत 9 लोगों के विरुद्ध छपरा के मसरख थाने में केस दर्ज किया गया है। इनमें से तिलक सिंह को 18 जून को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि बाकियों की तलाश जारी है। पीड़िता के अनुसार आरोपियों ने उसे नौकरी का प्रलोभन देकर हाजीपुर (बिहार) की डीवीआर कंपनी में डॉक्यूमेंट और 20,500 रुपये लेकर बुलाया। अपनी मौसी से कर्ज लेकर पीड़िता ने हाजीपुर में ज्वाइन किया, लेकिन वहां काम की बजाय उसे नौकरी के नाम पर लोगों को फ्रॉड कॉल करके उन्हें कंपनी के साथ जोड़ने का तरीका सिखाया जाने लगा। पीड़िता ने भी अपने माध्यम से 21 लोगों को कंपनी के साथ जोड़ा, जिनसे कंपनी ने 20,500 रुपये ले लिये, जो लड़कियां अन्य ग्राहकों को नहीं जोड़ पाती थीं, उन्हें बैल्ट से मारा-पीटा व सिगरेट से दागा जाता था। हाजीपुर में सबसे ज्यादा लड़कियों को रखा गया। पीड़िता के अनुसार वह 2021 में फेसबुक के जरिए आरोपियों के साथ जुड़ी, लेकिन आज तक एक बार भी वेतन नहीं मिला। बस पीट कर और अन्य तरीकों से सबको डराकर रखा जाता था। इस दौरान युवितयों की तस्वीरें ली जातीं और उनसे छेड़छाड़ कर इंटरनेट पर डालने की धमकी देकर ब्लैकमेल किया जाता था। पीड़िता के अनुसार नशा देकर सब युवतियों की पिटाई की जाती और वीडियो बनाये जाते तथा एक युवती द्वारा विरोध करने पर आरोपियों ने उसके भाई की हत्या तथा अपहरण की धमकी तक दी। मुजफ्फरपुर के दफ्तर में छापा पड़ने पर आरोपी उसे लेकर हाजीपुर चले गये। पीड़िता के अनुसार जब वह गर्भवती हुई, तो दवा खिलाकर तीन बार उसका गर्भपात भी कराया गया। फिर नकली शादी कर यौन शोषण किया गया। अन्य युवतियों को भी शादी के लिए मजबूर किया गया और गर्भवती होने पर उनका भी गर्भपात कराया गया। पुलिस ने बताया कि इस फ्राड कंपनी पर उत्तर प्रदेश से लेकर बिहार के अलग-अलग जिलों में एक दर्जन से अधिक केस दर्ज हैं। रोजगार न होने के कारण आर्थिक तंगी के शिकार लोगों की मजबूरी का लाभ उठाते हुए उन्हें ठगना गंभीर अपराध है। अतः बेरोजगार लोगों से नौकरियों के नाम पर छल करने और महिलाओं का यौन शोषण करने के जिम्मेदार लोगों पर फास्ट ट्रैक अदालतों में केस चला कर उन्हें कड़ा दंड दिया जाना चाहिए।

**पीड़िता के अनुसार आरोपियों ने उसे नौकरी का प्रलोभन देकर हाजीपुर की डीवीआर कंपनी में डॉक्यूमेंट और 20,500 रुपये लेकर बुलाया। अपनी मौसी से कर्ज लेकर पीड़िता ने हाजीपुर में ज्वाइन किया, लेकिन वहां काम की बजाय उसे नौकरी के नाम पर लोगों को फ्रॉड कॉल करके उन्हें कंपनी के साथ जोड़ने का तरीका सिखाया जाने लगा।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**लोकतंत्र में सुधार के मुद्दों पर काम करने वाली संस्था एसोसिएशन फॉर डैमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने इन लोकसभा चुनावों में जीतने वाले सभी प्रत्याशियों के हलफनामों का अध्ययन कर यह जानकारी निकाली है। एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक 543 जीतने वाले प्रत्याशियों में से 46 प्रतिशत (251) प्रत्याशियों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। इसके अलावा सभी जीतने वाले प्रत्याशियों में 31 प्रतिशत (170) ऐसे हैं, जिनके खिलाफ बलात्कार, हत्या, अपहरण आदि जैसे गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं।**

# लोकतंत्र के पूरक न बनें अपराधी


डॉ वरिंद्र भाटिया

एक ताजा-तरीन रिसर्च रिपोर्ट के अनुसार इस बार के लोकसभा चुनावों में जीतने वाले प्रत्याशियों में से 46 प्रतिशत ऐसे हैं, जिनके खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। लोकतंत्र में सुधार के मुद्दों पर काम करने वाली संस्था एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने इन लोकसभा चुनावों में जीतने वाले सभी प्रत्याशियों के हलफनामों का अध्ययन कर यह जानकारी निकाली है। एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक 543 जीतने वाले प्रत्याशियों में से 46 प्रतिशत (251) प्रत्याशियों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। इसके अलावा सभी जीतने वाले प्रत्याशियों में 31 प्रतिशत (170) ऐसे हैं, जिनके खिलाफ बलात्कार, हत्या, अपहरण आदि जैसे गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

27 जीतने वाले प्रत्याशी ऐसे हैं, जो दोषी भी पाये जा चुके हैं और या तो जेल में हैं या जमानत पर बाहर हैं। 4 जीतने वाले प्रत्याशियों के खिलाफ हत्या के मामले, 27 के खिलाफ हत्या की कोशिश के मामले, 2 के खिलाफ बलात्कार, 15 के खिलाफ महिलाओं के खिलाफ अन्य अपराध, 4 के खिलाफ अपहरण और 43 के खिलाफ नफरती भाषण देने के मामले दर्ज हैं।

**रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि किसी साफ पृष्ठभूमि वाले प्रत्याशी की जीतने की संभावना सिर्फ 4.4 प्रतिशत है।**

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि किसी साफ पृष्ठभूमि वाले प्रत्याशी की जीतने की संभावना सिर्फ 4.4 प्रतिशत है, जबकि आपराधिक मामलों का सामना कर रहे प्रत्याशी की जीतने की संभावना 15.3 प्रतिशत है। भाजपा के 240 विजयी प्रत्याशियों में से 39 प्रतिशत (94), कांग्रेस के 99 विजयी प्रत्याशियों में से 49 प्रतिशत (49), सपा के 37 में से 57 प्रतिशत (21), तृणमूल कांग्रेस के 29 में से 45 प्रतिशत (13), डीएमके के 22 में से 59 प्रतिशत (13), तेदेपा के 16 में से 50 प्रतिशत (8) और शिवसेना (शिंदे) के सात में से 71 प्रतिशत (पांच) प्रत्याशियों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं।




**एडीआर की रिपोर्ट दिखा रही है कि चुनाव दर चुनाव ऐसे सांसदों की संख्या बढ़ती जा रही है, जिनके खिलाफ आपराधिक और गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। 2009 में लोकसभा में आपराधिक मामलों का सामना कर रहे सांसदों की संख्या 30 प्रतिशत थी। 2014 में यह संख्या बढ़ कर 34 प्रतिशत, 2019 में 43 प्रतिशत और 2024 में 46 प्रतिशत हो गयी।**

आरजेडी के 100 प्रतिशत (चारों) प्रत्याशियों के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। स्थिति को राज्यवार देखें तो केरल सबसे आगे है, जहां विजयी प्रत्याशियों में से 95 प्रतिशत के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। उसके बाद तेलंगाना (82 प्रतिशत), ओड़िशा (76 प्रतिशत), झारखंड (71 प्रतिशत) और तमिलनाडु (67 प्रतिशत) जैसे राज्यों का स्थान है। इनके अलावा बिहार, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश, गोवा, कर्नाटक और दिल्ली में 40 प्रतिशत से ज्यादा विजयी प्रत्याशी आपराधिक मामलों का सामना कर रहे हैं।

एडीआर की रिपोर्ट दिखा रही है कि चुनाव दर चुनाव ऐसे सांसदों की संख्या बढ़ती जा रही है, जिनके खिलाफ आपराधिक और गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। 2009 में लोकसभा में आपराधिक मामलों का सामना कर रहे सांसदों की संख्या 30 प्रतिशत थी। 2014 में यह संख्या बढ़ कर 34 प्रतिशत, 2019 में 43 प्रतिशत और 2024 में 46 प्रतिशत हो गयी। गंभीर आपराधिक मामलों वाले सांसदों की संख्या देखें, तो 2009 में उनकी संख्या 14 प्रतिशत थी, 2014 में बढ़ कर 21 प्रतिशत, 2019 में 29 प्रतिशत और 2024 में 31 प्रतिशत हो गयी। ऐसा इसलिए हो रहा है, क्योंकि राजनीतिक दल यह मान नहीं रहे हैं कि जिनके खिलाफ आपराधिक मामले लंबित हों, ऐसे लोगों को चुनाव लड़ाना देश के लिए अच्छा नहीं हैं। सभी जगह अकुशल शासन राजनीति के अपराधीकरण को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

इस बिंदू पर सुप्रीम कोर्ट ने कई बार अपनी चिंता जताई है। सजायाफ्ता नेताओं की सदस्यता रद्द करने का-4 सितंबर 2013 को सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए कहा कि 2 साल या उससे अधिक की सजा पाये नेताओं की सदस्यता रद्द हो जायेगी। सदस्यता रद्द होने के अलावा दागी नेता 6 साल तक चुनाव नहीं लड़ पायेंगे।

कोर्ट ने फैसले में आगे कहा था कि जेल में रहते हुए किसी नेता को वोट देने का अधिकार भी नहीं होगा और न ही वे चुनाव लड़ सकेंगे।

सुप्रीम कोर्ट ने 2020 में एक फैसले में कहा कि राजनीतिक दलों को यह बताना होगा कि दागी उम्मीदवारों को क्यों टिकट दिया और उनपर कितने केस दर्ज हैं। कोर्ट ने कहा सभी माध्यमों में विज्ञापन देकर राजनीतिक दल जनता को दागी छवि वाले उम्मीदवारों के बारे में बतायें।

साल 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा कि देश में कितने सांसद और विधायक दागी हैं? इनके केसों की सुनवाई के लिए कितने स्पेशल कोर्ट बनाये गये हैं? इसकी जानकारी दीजिए। सुनते हैं कि केंद्र ने हलफनामा जमा नहीं किया, जिस पर कोर्ट और केंद्र में ठन गयी।

2018 में दागी नेताओं को टिकट नहीं देने की याचिका पर चीफ जस्टिस दीपक मिश्रा की बेंच में सुनवाई चल रही थी। इस पर केंद्र सरकार भड़क गयी। तत्कालीन अटॉर्नी जनरल ने कहा कि संसद का काम भी आप ही कर दीजिए। इस पर चीफ जस्टिस ने कहा- जब तक आप नहीं करेंगे, तब तक हम हाथ पर हाथ धरे नहीं बैठ सकते हैं। चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवारों और पार्टियों को जितने पैसे की जरूरत होती है, जो साधारण लोगों के बस में नहीं है। साथ ही इलाके में अपराध की वजह से अपराधियों की नेटवर्किंग काफी मजबूत रहती है। इन दोनों वजहों से राजनीतिक दल अपराधियों को टिकट देती है। इनमें कई अपराधी चुनाव जीत कर रॉबिनहुड की छवि बना लेते हैं।

वर्तमान में ऐसी स्थिति बन गयी है कि राजनीतिक दलों के मध्य इस बात की प्रतिस्पर्धा है कि किस दल में कितने उम्मीदवार आपराधिक पृष्ठभूमि के हैं, क्योंकि इससे उनके चुनाव जीतने की संभावना बढ़ जाती है। आज राजनीति और अपराध की दुनिया का आपस में अटूट इश्किया बंधन है, जो कभी भी जुड़ा नहीं होगा यह एक बार फिर इस बार के लोक सभा चुनावों मे कड़वा सच बन कर सामने आया है, हमें सुनिश्चित करना होगा कि अपराधी लोकतंत्र के पूरक न बन सकें।

## जमशेदपुर की खबरें



ओड़िशा के राज्यपाल रघुवर दास ने गुरुवार को भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रपति भवन नयी दिल्ली में भेंट की और उनके जन्मदिन पर बधाई दी।

# घाटशिला अनुमंडल क्षेत्र में उत्साह के साथ मना अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



**घाटशिला (आजाद सिपाही)।** घाटशिला स्थित संत नंदलाल स्मृति विद्या मंदिर में शुक्रवार को दसवें अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक, एनसीसी कैडेट्स एवं विद्यार्थियों ने प्रभातफेरी निकाली गयी। कार्यक्रम का शुभारम्भ कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सूबेदार रणजीत सिंह, 37 झारखंड बटालियन एनसीसी, हवलदार दीपेश थापा, विद्यालय प्रशासिका शोभा गनेरीवाल, विद्यालय प्रबंधक डॉ प्रसेनजीत कर्मकार, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य राम गोपाल चौमाल, निर्मल झुनझुनवाला, शैक्षणिक प्रभारी एस आर दत्ता तथा पतंजलि योग समिति घाटशिला के सदस्यों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पश्चात विद्यालय प्रबंधक डॉ प्रसेनजीत कर्मकार ने योग का महत्त्व बताते हुए कहा कि योग हमारे शारीरिक व मानसिक संतुलन को बनाये रखने के साथ-साथ हमें निरोगी भी बनाता है, इसलिए योग को अपने जीवन का हिस्सा बनायें और रोज योगाभ्यास करें।

# पूर्व पार्षदों ने क्षेत्र की समस्याओं से निदान के लिए प्रशासक को ज्ञापन सौंपा




आजाद सिपाही संवाददाता

**आदित्यपुर।** नगर निगम के पूर्व पार्षदों ने अपनी अपनी क्षेत्र की समस्याओं से निदान के लिए प्रशासक को एक ज्ञापन सोपा हैं. जिसमें मुख्य रूप से वार्ड 15 के पूर्व पार्षद नथुनी सिंह, वार्ड 17 के पूर्व पार्षद नीतू शर्मा, वार्ड 6 के पूर्व पार्षद ममता बेज ,वार्ड 4 के पूर्व पार्षद मनोरमा देवी एवं वार्ड 22 के पूर्व पार्सद सुधीर कुमार सिंह मौजूद रहे.जहाँ उन्होंने अपने-अपने वार्डों में पानी की समस्या, साफ सफाई की समस्या, नाली की साफ सफाई की समस्याओं से निदान दिलाने के लिए मांग रखी। वही लंबित पड़ी योजनाओं को जल्द से जल्द टेंडर कराने के लिए आग्रह किया। साथ ही उन्होंने प्रशासक को अवगत कराया की हर वार्ड में लेबर की संख्या में कमी आई है, जिसके कारण साफ सफाई ससमय पूरी नहीं हो पाती है वहीं पूर्व में लेबर की संख्या में हर वार्ड में ज्यादा मिलती थी लेकिन अब हर वार्ड में सिर्फ तीन ही लेबर साफ सफाई के लिए भेजा जाता है. बरसात का महीना आने वाला है, जिसमें नाली जाम होने के कारण सड़क और घरों में घुसने लगी है.वार्ड 15, 17 और 18 नंबर वार्ड बाढ़ पीड़ित क्षेत्र है जहां बरसात ज्यादा होने के कारण बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने लगती है इससे निजात पाने के लिए उक्त स्थलों की जांच होनी चाहिए. बाढ़ के समय में राहत कार्य आसानी से हो सके। इस संदर्भ में वार्ड 15 के पूर्व पार्षद नथुनी सिंह ने बताया कि साफ सफाई, स्ट्रीट लाइट, हाई मास्क लाइट, नाली की साफ सफाई एवं बरसात के मौसम में बाढ़ से निजात दिलाने के लिए आदित्यपुर नगर निगम में एक ज्ञापन सौंपा गया हैं। वही पार्षदों के कार्यकाल में बोर्ड बैठक में परीत हुई योजनाओं को जल्द से जल्द टेंडर कराने की मांग रखी गई हैं. साथ ही उन्होंने कहा कि हम लोग के किए गए मेहनत को कुछ लोग अपना श्रेय लेने में जुटे होते हैं। हर समय अफवाहों का बाजार गर्म करने के साथ साथ राजनीतिक रोटी सैकते हैं। जो की उचित नहीं है। वार्ड 17 के पूर्व पार्षद नीतू शर्मा ने कहा कि कुछ योजना कई दिनों से लंबित पड़ा हुआ है जिसमें जयप्रकाश उद्यान पथ का वन विभाग से पिछले वर्ष अनापति प्रमाण पत्र मिल चुका है पथ के साथ-साथ नाली, हाई मास्क लाइट, सार्वजनिक शौचालय, डीप बोरिंग तथा सौंदर्य करण की भी स्वीकृति मिल चुकी है। वन विभाग के कथा अनुसार पथ एक वर्ष के अंतराल अगर नहीं बन पाता है तो अनापति प्रमाण पत्र रद्द कर दिया जायेगा, जिसके लिए सड़क निर्माण और आदित्यपुर पूल पर जाली लगवाने जैसे योजनाओं का टेंडर निकालने के लिए आग्रह किया गया . यह सभी योजना बोर्ड बैठक में पारित हो चुकी है जिसे जल्द से जल्द टेंडर निकालने की जरूरत है। आदित्यपुर पुल से अक्सर लोग सुसाइड कर लेते हैं जिसमें रोक लगवाने के लिए एक जाली लगवाने के लिए बहुत जरुरत है. पूर्व पार्षदों के मेहनत को एक व्यक्ति अपनी वाह वाही लुटने में लगे रहते हैं। इस संदर्भ में आदित्यपुर नगर निगम प्रशासक आलोक कुमार दुबे ने जानकारी दी कि हमारे पास पार्षदों द्वारा कुछ मांग रखी गयी है, जिसमें बारिश का मौसम आने वाला है नाली की साफ सफाई की जरूरत है जो की बहुत महत्वपूर्ण है जिसके लिए एक टीम पहले से ही गठित कर दी गयी है। उन सभी स्थलों को चिन्हित कर लोगों को निजात दिलाने की कोशिश की जाएगी. जुस्को तरफ से भी पानी का दो-दो टैंकर मिल रहा है. जिसमें पानी की समस्याओं में कमी लाने की कोशिश की जा रही हैं ।बारिश आने से पूर्वी ही सभी जगह से कचरा का उठाव और साफ सफाई कराई जायेगी, जिसमें नाली, गली एवं मोहल्ले की हर जगह साफ-सफाई करवाई जायेगी. कुछ टेंडर मेथड इशू थें, जो की आदर्श आचार संहिता के चक्कर स समय निकल नहीं पाया था. आदर्श अचार संहिता खत्म होने के साथ ही टेंडर निकालने की प्रक्रिया में तेजी आई हैं। बचे हुए लंबित योजना को 10 से 15 दिनों के अंदर धरातल पर उतार दिया जायेगा।

व्यवहार न्यायालय कैंपस में जिला जज सहित अन्य न्यायायिक पदाधिकारी योग दिवस पर हुए शामिल

# योगाभ्यास कर शारीरिक और चारित्रिक स्वास्थ्य को उन्नत और उत्कृष्ट बना सकता है मनुष्यः प्रधान जिला जज



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** व्यवहार न्यायालय कैंपस में विश्व योग दिवस मनाया गया। शुक्रवार को आयोजित योग शिविर में प्रधान जिला जज श्री अनील कुमार मिश्रा समेत जमशेदपुर कोर्ट के अन्य सभी न्यायायिक पदाधिकारी गण शामिल रहे। मौके पर जिला जज श्री मिश्रा ने कहा योग को सिर्फ वार्षिक आयोजन के रूप में नही बल्कि प्रतिदिन अभ्यास करने की आवश्यकता पर बल दे। उन्होंने कहा प्रतिदिन योगाभ्यास से मनुष्य अपने शारीरिक एवं चारित्रिक स्वास्थ्य को उन्नत बनाते हुए जीवन को उत्कृष्ट बना सकते है। मौके पर उन्होंने योग्य की महत्त्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही प्रत्येक व्यक्ति को स्वास्थ्य रहने के लिए योग करने की सलाह दी।

# जोनल आइजी अखिलेश झा ने किया आदित्यपुर थाना का दौरा



आजाद सिपाही संवाददाता

**आदित्यपुर।** शुक्रवार को आदित्यपुर थाना जोनल आईजी अखिलेश कुमार झा पहुंचे। जहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस मौके पर कोल्हान डीआईजी मनोज रतन चौथे, सरायकेला एसपी मनीष टोप्पो, जमशेदपुर सिटी एसपी मुकेश कुमार लुनायत, सरायकेला एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्रा, जमशेदपुर ट्रैफिक डीएसपी संजय कुमार सिंह, सरायकेला ट्रैफिक इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिंह, सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे। बताया जा रहा है कि आईजी सरायकेला के आरआईटी, आदित्यपुर और गम्हरिया और जमशेदपुर के जुगसलाई और कदमा थाने के कांडो की समीक्षा करेंगे। इस मौके पर संबंधित थानों के प्रभारी भी मौजूद रहे।

## 'करें योग, रहें निरोग' के संदेश को घर-घर तक पहुंचाने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया

# योग का विश्व गुरु है हमारा देश भारत : अलखनाथ पांडेय





डीसी, पुलिस अधीक्षक समेत पदाधिकारी, कर्मियों, स्कूली बच्चों ने किया सामूहिक योग

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** स्थानीय आर के पब्लिक स्कूल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' के अवसर योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय ने विद्यालय परिवार के साथ योग किया। प्रारंभ में उन्होंने योग और योगा के फायदे पर उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं और शिक्षक-शिक्षिकाओं को सभा में संबोधित किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि योग के मामले में हमारा भारत विश्व गुरु है। भारत ने ही योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलायी और योग के जरिए सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा दिया है। उन्होंने सभी से नियमित योग करने की बात कही। योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग करने से हमारा शारीरिक और मानसिक विकास होता है। आज आउटडोर गेम में लोगों का झुकाव कम होता जा रहा है। इस स्थिति में योग के द्वारा हम अपने शरीर को स्वस्थ और चुस्त-दुरुस्त बनाये रख सकते हैं। सभी छात्र-छात्राओं को सुझाव देते हुए कहा कि नियमित रूप से योगा करने से स्मरण शक्ति,पाचन शक्ति बढ़ेगी और शारीरिक-मानसिक



सामूहिक रूप से सभी शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी और छात्रों ने किया सामूहिक योग

विकास होगा। शरीर और मन की शांति के लिये योग बहुत जरूरी है। योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है। साथ ही योग से मानव जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। प्रतिदिन योग करने से शारीरिक और मानसिक बीमारियां दूर रहती है। बढ़ते तनाव को कम करने और लाइफस्टाइल से पैदा होने वाली समस्याओं को योग से दूर किया जा सकता है। संबोधन के अंत में उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि योग की शुरूआत हमारे देश में हुई और आज दुनिया भर के देश इसके महत्व को समझ रहे हैं और आज के दिन को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मना रहे हैं। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य संतोष पांडेय, प्रशासनिक इंचार्ज प्रमोद कुमार झा, अनुप कुमार पांडेय, संजय कुमार, अनिल सिन्हा, अनिता सिन्हा, जागृति चौबे, अभिलाषा तिवारी, पूनम राय, श्वेता पांडेय, रश्मि शुक्ला, शिखा रानी, सनोज यादव, एसडी सिंह, इम्तियाज खान, विनय सिंह और अन्य सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**गढ़वा।** 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में मौके पर जिला आयुष समिति गढ़वा एवं जिला स्वास्थ्य समिति गढ़वा के संयुक्त तत्वधान में टाउन हॉल गढ़वा के मैदान में जिला स्तर पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त गढ़वा, शेखर जमुआर एवं पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने भाग लेकर जिलावासियों, पदाधिकारी/कर्मियों, स्कूली बच्चों, समाज सेवियों, पुलिस के जवानों समेत अन्य गणमान्य व्यक्तियों योग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, पतंजलि योगपीठ प्रतिनिधिगण, आयुष समिति के प्रतिनिधियों समेत मंच पर उपस्थित गणमान्य द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में पतंजलि योग समिति के योग गुरु सत्यनारायण दुबे, अंजलि सास्वत, चंचला सिंह द्वारा सभी को योग के फायदे बताते हुए उन्हें विभिन्न योगासन कराया गया। इनमें मुख्य रूप से अनुलोम विलोम, भद्रासन, भुजंगासन, सूर्य नमस्कार, कपालभाति समेत अन्य योगासन कराते हुए इनके फायदे बताये गये।

### बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय में योग दिवस मनाया गया

**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। जिसमें विश्वविद्यालय के अंतर्गत व ट्रस्ट के अधीन संचालित महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं, अध्यापको, चिकित्सको, शिक्षककेत्तर व गैर शिक्षककेत्तर कर्मियों ने सामूहिक योग कार्यक्रम में भाग लिया।

योग का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलसचिव ललन सिंह तथा सभी महाविद्यालय जिसमें देवकी महावीर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज और रिसर्च अस्पताल, वनांचल डेंटल कॉलेज और अस्पताल, दिनेश कॉलेज आफ एजुकेशन, वनांचल स्कूल /कॉलेज ऑफ नर्सिंग, वनांचल कॉलेज आफ साइंस, वनांचल इंस्टिट्यूट ऑफ हेल्थ एजुकेशन एंड रिसर्च, तथा आईटीआई के प्राचार्यो द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर योग गुरु ओम प्रकाश के नेतृत्व में प्रारंभ किया गया जो प्रात 6 बजे से प्रात 7 बजे तक चला। अंतिम में विश्वविद्यालय के कुल सचिव द्वारा सभी को योग का गुण तथा लाभ को बताते हुए प्रत्येक दिन योग से दिन प्रारंभ करने साथ ही साथ सभी को शपथ दिलाया कि प्रत्येक दिन कम से कम 10 मिनट के लिये योग जरूर करें जिससे की तन मन तथा मस्तिष्क स्वस्थ रहे और आप निरोग रहे हैं। इस योगाब्यास में विश्वविद्यालय तथा का महाविद्यालय के डॉक्टर उमाशंकर मिश्रा, डॉक्टर मनीष कुमार दुबे, डॉक्टर डीपीडी तिवारी, डॉक्टर सुनीता गुप्ता, डॉक्टर मरियम्मा, दिव्या तीरू, डॉक्टर अभिषेक सिंह नायर, सुभाष कुमार, एस के ओझा, प्रवीर कुमार सिंह, राकेश कुमार सिंह, एसके ओझा, हिमांशु कुमार वैद्य, रवि राज प्रीतम, रोहित कुमार गुप्ता, अन्य लोग शामिल रहे।

## रंका थाना प्रभारी के रूप में प्रवीण कुमार ने दिया योगदान, कानून का पालन करनेवाले के साथ रहूंगा



रंका (आजाद सिपाही)। रंका थाना प्रभारी के रूप में शुक्रवार को प्रवीण कुमार ने योगदान दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रंका थाना क्षेत्र में आप सभी जनता के साथ मिलकर शांति व्यवस्था बनाने का प्रयास करूंगा। जो कानून का पालन करेंगे वे हमेशा उनके साथ रहेंगे। वे 2012 बैच के अनुभवी पुलिस पदाधिकारी हैं। इसके पहले चाईबासा में थे। प्राथमिकता के बारे में पूछने पर उन्होंने आजाद सिपाही को बताया कि थाना क्षेत्र को अपराध मुक्त करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। कहा कि चाहे कोई आम हो या खास सबसे साथ समान रूप से उनकी समस्याओं को सुनाई किया जायेगा।


**झारखण्ड सरकार**
**सांस्कृतिक कार्य निदेशालय**
**(पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग)**
**Phone: 0651-2401917 E-mail: dirjharkhandculture@gmail.com**

Jharkhand art and culture

पत्रांक :– 85 — राँची, दिनांक : 21.06.2024

"प्रस्तावित जगन्नाथ महोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम 2024 में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों हेतु प्रतिभागिता एवं समन्वयक/वालन्टियर कार्य निमित्त सूचना"

जगन्नाथपुर मंदिर, धुर्वा, राँची में आयोजित होने वाले ऐतिहासिक जगन्नाथपुर रथ मेला, में प्रत्येक वर्ष सांस्कृतिक कार्य निदेशालय, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची के द्वारा "जगन्नाथ महोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम" का आयोजन किया जाता है।

(2) वर्तमान वर्ष में जगन्नाथपुर रथ मेला, दिनांक 07 से 17 जुलाई 2024 के दौरान निदेशालय के द्वारा प्रस्तावित जगन्नाथ महोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों हेतु आवेदन तथा महोत्सव में समन्वयक/वालन्टियर के कार्य हेतु एदत् द्वारा आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

(3) प्रस्तुति हेतु इच्छुक, कलादल/कलाकार एवं समन्वयक/वालन्टियर कार्य हेतु इच्छुक, निदेशालय सूचना पट्ट/वेबसाईट (www.jharkhandculture.com) से विहित प्रपत्र प्राप्त करते हुए निदेशालय कार्यालय (आगत निर्गत शाखा, कमरा सं० 309 (ए०), तृतीय तल, एम०डी०आई० भवन, धुर्वा, रांची–4) में दिनांक 01.07.2024 पूर्वा० 11.00 बजे तक आवश्यक अभिलेखों के साथ आवेदन समर्पित कर सकते हैं, जिसपर सांस्कृतिक आयोजन समिति के द्वारा निर्णय लिया जायेगा।

निदेशक, संस्कृति,
सांस्कृतिक कार्य निदेशालय,झारखण्ड, राँची

PR 327227 Art Culture Sports and Youth Affairs(24-25).D



**झारखण्ड सरकार**
**सांस्कृतिक कार्य निदेशालय**
**(पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग)**
Phone: 0651-2401917 E-mail: dirjharkhandculture@gmail.com

वित्तीय वर्ष 2024–25 में आयोजित होने वाले विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों/कार्यशालाओं में भोजन/अल्पाहार आदि से संबंधित कैटरिंग व्यवस्था हेतु निविदा आमंत्रण :–

पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग के अन्तर्गत सांस्कृतिक कार्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची द्वारा वित्तीय वर्ष 2024–25 में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों/कार्यशालाओं के आयोजन के क्रम में भाग लेने वाले कलाकारों, अतिथियों, आगंतुकों आदि हेतु अल्पाहार, भोजन आदि से संबंधित कैटरिंग व्यवस्था कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

इच्छुक निविदादाता, सांस्कृतिक कार्य निदेशालय कार्यालय (तृतीय तल, एम०डी०आई०भवन, धुर्वा, राँची) के आगत निर्गत शाखा में, निविदाएँ दिनांक 15.07.2024 को पूर्वा० 11.00 बजे तक समर्पित कर सकते हैं। निविदा की शर्तें एवं विस्तृत जानकारी कार्यालय के सूचना पट्ट एवं वेबसाईट www.jharkhandculture.com पर उपलब्ध है। इस निविदा से संबंधित अनुवर्ती/बाद की संशोधित एवं अन्य आवश्यक सूचनाएँ निदेशालय के वेबसाईट www.jharkhandculture.com पर ही उपलब्ध होंगी। निविदा को किसी भी स्तर पर संशोधित या रद्द करने का सर्वाधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

निदेशक, संस्कृति
सांस्कृतिक कार्य निदेशालय
झारखण्ड, राँची।

PR 327185 (Art Culture Sports and Youth Affairs) 24-25 (D)


# सड़क निर्माण में बरती जा रही है अनियमितता, ग्रामीणों में है रोष

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भंडरिया।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना करोडो के लागत से बनरहे भंडारिया से परों भाया कुरुण गांव होते हुए सपही नदी तक बन रहा है। जिसमें घोर लापरवाही बरती जा रही है। विभाग के लापरवाही के कारण भंडारिया मुख्यालय में इसी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत भंडारिया निम टाड के पास बनाई जा रही पीसीसी सड़क पर बीएमडब्ल्यू को बेड बनाकर उसपर पलास्टिक बिछा कर ढलाई किया जा रहा है। ढलाई के बाद सीमेंट कम व बालू ज्यादा डालने के कारण सुबह तक वह पीएससी जम जाता है। वह पीएससी में सुबह बालू दिखने लगता है। बालू दिखाने के कारण सीमेंट का घोला बनाकर झाड़ू के द्वारा लिपाई किया जाता है यह साफ दशार्ता है कि विभागीय के उदासीनीयता के कारण सामबेदक के द्वारा करोड़ों के लागत से बन रहे सड़क में मनमानी ढंग से काम में गुणवत्तापूर्ण नहीं किया जा रहा है इधर कुरून गांव के ग्रामीणों का कहना है कि कुरुण गांव ग्रामीण वीरेंद्र यादव दिनेश सिंह विवेक यादव सत्येंद्र यादव जितेंद्र कोरवा ने संवेदक व बिभाग पर आरोप लगाया ते हुए उन लोगों ने कहा कि विभाग के उदासीनता के कारण प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनरहे सड़क एक तरफ से बनते जा रहा है दूसरे तरफ से रोड टूटते जा रहा है ग्रामीणों ने काम कर रहे ठीकेदार के मुंसी के पास शिकायत करने पर उन्होंने कहा कि इस तरह का आरोप मत लगाइए हमलोग काम अच्छा कर रहे हैं कुरुण गांव के ग्रामीणों ने कहा कि हम ग्रामीणों को कोई शुद्ध लेने वाला कोई नहीं है बोलने मुंशी के द्वारा धमकी दी जाती है।



## केतार कांडी कोल रोड के मेंटने कार्य में घोर लापरवाही एवं अनियमितता



**केतार (आजाद सिपाही)। केतार कांडी कोल रोड के मेंटनेश कार्य में घोर लापरवाही और अनिमीयता बरती जा रही है। संवेदक के द्वारा मुकुंदपुर, परसोडीह सहित अन्य गांव में नाली खोदकर छोड़ दिया गया है।कही जही नाली का निर्माण भी किया गया है। तो उसे ढका भी नही गया किसी प्रकार कार्य को पूरा किया गया। ग्रामीणों ने बताया की नाली निर्माण कार्य गुणवता पूर्ण नही कराया गया।ढलाई तो कर दिया गया पर पटवन भी नही किया गया। वही मुकुंदपुर में नाली एक माह से पहले खोदी गयी परंतु अभी इसमें कार्य अभी तक नही लगाया गया।इसी बीच एक गाय नाली में गिर गयी। नाली खोदकर छोड़ने से कभी भी बड़ी घटना घटने की संभावना दिख रही है। जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। शुक्रवार को मुखिया मूंगा साह ग्रामीणों के साथ इस कार्य का विरोध किया। ग्रामीणों ने उपायुक्त से खोदी गयी नाली को शीघ्र निर्माण करवाने या भरवाने की मांग किया है। बताते चले की केतार कांडी कोल रोड का मेंटनेश कार्य की प्राक्कलित राशि लगभग 25करोड़ है। संवेदक के द्वारा जैसे तैसे कार्य कराया जा रहा है। वर्षा ऋतु का आगमन हो चुका है अगर शीघ्र नाली निमार्ण कार्य शुरू नहीं किया गया तो ग्रामीणों को काफी परेशानी होगी।**


**उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा**
**(योजना शाखा)**

इच्छा की अभिव्यक्ति
**(Expression of Interest) 2nd Call**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कोडरमा जिला अन्तर्गत **CSR** मद से "**Supply of STEM Transformative Lab in Koderma District**" का अधिष्ठापन किया जाना है। उक्त कार्य के दर निर्धारण हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता/एजेन्सी से इच्छा की अभिव्यक्ति (**Expression of Interest**) आमंत्रित की जाती है। आपूर्तिकर्त्ता/एजेन्सी को सूचीबद्ध जिला योजना कार्यालय, कोडरमा द्वारा किया जायेगा। उक्त सामग्रियों के अधिष्ठापन किये जाने के निमित आवश्यक कार्य/नियम तथा शर्ते/**Specification** एवं सूची (Annexure I to IV) संलग्न है।

अतः इच्छूक आपूर्तिकर्त्ता/एजेन्सी अपनी इच्छा की अभिव्यक्ति **(Expression of Interest)** का आवेदन मुहरबन्द लिफाफा में जिला योजना पदाधिकारी, कोडरमा को संबोधित करते हुए स्थान–. समाहरणालय परिसर, जिला योजना कार्यालय, कोडरमा में दिनांक 05/07/2024 को अपराह्न 12:00 बजे तक हाथों–हाथ या स्पीडपोस्ट के माध्यम से जमा कर सकते हैं। उक्त इच्छा की अभिव्यक्ति उपायुक्त, कोडरमा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में दिनांक–05/07/2024 को 03:00 बजे अपराह्न में खोला जायेगा।

नोट:– उक्त के संबंध में विस्तृत जानकारी जिले के बेवसाईट www.koderma.nic.in पर देखा जा सकता है।

उपायुक्त,
कोडरमा

PR 327261 District(24-25).D



**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा वितरण प्रमंडल, राँची**

**अल्पकालीन ईप्रोक्यॉमेंट नोटिस**
**(प्रथम आमंत्रण)**

ई–निविदा आमंत्रण संख्या–पे०स्व०वि०/वितरण/01/2024-25
दिनांक:–20.06.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | Utility Shifting of Existing rising main pipe line of 450mm dia D.I pipe between Durga Soren Chowk to Namkum ROB due to widening existing road into four lane road by Road Construction department road division, Ranchi Rural Under D.W.&S. Swarnrekha distribution, Division, Ranchi for year 2023-24 |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | 4.2319799 लाख (चार करोड तेइस लाख उन्नीस हजार सात सौ निनान्बे) रूपये मात्र। |
| 3 | अग्रधन की राशि (रूपये में) | 425000.00 लाख (चार लाख पच्चीस हजार) रूपये मात्र। |
| 4 | कार्य समाप्ति की अवधि | 09 (नौ) महीना। |
| 5 | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | 10,000.00 (दस हजार)। |
| 6 | बेवसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 28.06.2024 को अपराह्न 05:00 बजे |
| 8 | बेवसाइट पर निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 08.07.2024 को अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 9 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 09.07.2024 को अपराह्न 04:00 बजे । |
| 10 | विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा वितरण प्रमंडल, राँची। |
| 11 | जिनके द्वारा निविदा खोली जायेगी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा वितरण प्रमंडल, राँची। |
| 12 | प्रोक्यॉरमेंट कार्यालय का सम्पर्क नं० | 9608892111 E-Mail ID:- distributionbooty@gmail.com |
| 13 | ईप्रोक्यॉरमेंट सेल का सहायता केन्द्र सं० | 0651–2480345 |

नोटः–1. निविदा अन्तर्गत परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि ई–गवर्नेंस विभाग झारखण्ड मंत्रालय धुर्वा, राँची के आदेश संह ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के अनुरूप प्राप्त की जाएगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान संवेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जाएगा। उसी खाते से अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर बैंक खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संवेदक की होगी।
3. प्राक्कलित राशि घट अथवा बढ सकती है उसी प्रकार से अग्रधन एवं परिमाण विपत्र की राशि भी देय होगी।
4. केवल ई निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
5. विस्तृत जानकारी हेतु बेवसाइट http://jharkandtenders.gov.in पर देखें।
6. निविदा बिना कारण बताये कभी भी संशोधित या रद्द किया जा सकता है।
7. राज्य सरकार द्वारा निर्गत अद्यतन आदेश/परिपत्र लागु होगें।

PR 327249 (Drinking Water and Sanitation) 24-25 (D)

जल ही जीवन है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा वितरण प्रमंडल, राँची


## मुखिया ने अपने कार्यकाल को दूसरी वर्षगांठ के रूप में मनाया



**खरौंधी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मुखिया संघ अध्यक्ष सह कुपा पंचायत मुखिया प्रमोद राम ने अपने कार्यकाल दुसरा वर्षगांठ के रुप में मनाया। मुखिया ने कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत पूजा अर्चना एवं फिता काटकर किया। मुखिया प्रमोद राम ने कहा की यह कुपा पंचायत का जनता का अपार आशिर्वाद है की हम अपने कार्यकाल को अच्छी से निर्वहन कर रहा हूं। इसी का देन है की हम आज आप सभी के बीच अपने कार्यकाल को दूसरा वर्षगांठ के रुप में मना रहे हैं। मौके पर उप मुखिया सूर्यदेव चौधरी, आजसू प्रवक्ता सह पूर्व उप प्रमुख

# टंडवा की टीम ने रेड इलेवन को 6 विकेट से हराया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रमना।** प्रखंड मुख्यालय स्थित हाई स्कूल के मैदान में खेले जा रहे रमना टी -10 लीग नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट के सेमी फाइनल मैच में टंडवा के टीम ने रेड इलेवन को 6 विकेट से हराया। इसके पूर्व रेड इलेवन के टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। जिसमें 10 विकेट खोकर 74 रन बनाया। जिसका जवाबी पारी खेलते हुए टंडवा के टीम ने 4 विकेट खोकर अपना लक्ष्य प्राप्त कर लिया। परेलाल ने ताबड़तोड़ 47 रन की बल्लेबाजी के बाद मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। वही दूसरी सेमी फाइनल मैच में आरसीसी रमना ने वनविभाग के टीम को 46 रनों से शिकस्त दी। इसके पूर्व आरसीसी रमना के टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। जिसमे आरसीसी रमना के टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 138 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जिसके जवाबी पारी खेलते हुए वनविभाग के टीम ने निर्धारित ओवर में 4 विकेट खोकर मात्र 92 रन पर सिमट गई। जिसमे गौरव को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। मौके पर कई क्रिकेट प्रेमी मौजूद थे। ट के सेमी फाइनल मैच में टंडवा के टीम ने रेड इलेवन को 6 विकेट से हराया। इसके पूर्व रेड इलेवन के टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। जिसमें 10 विकेट खोकर 74 रन बनाया। जिसका जवाबी पारी खेलते हुए टंडवा के टीम ने 4 विकेट खोकर अपना लक्ष्य प्राप्त कर लिया। परेलाल ने ताबड़तोड़ 47 रन की बल्लेबाजी के बाद मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। वही दूसरी सेमी फाइनल मैच में आरसीसी रमना ने वनविभाग के टीम को 46 रनों से शिकस्त दी। इसके पूर्व आरसीसी रमना के टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। जिसमे आरसीसी रमना के टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 138 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जिसके जवाबी पारी खेलते हुए वनविभाग के टीम ने निर्धारित ओवर में 4 विकेट खोकर मात्र 92 रन पर सिमट गयी। जिसमे गौरव को मैन ऑफ द मैच का


**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
**(भूमि संरक्षण निदेशालय), झारखण्ड, राँची**
**कार्यालय – भूमि संरक्षण पदाधिकारी, खूँटी**

वित्तीय वर्ष 2024–25 में डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक के निर्माण के लिए "जलनिधि" नामक योजना

झारखण्ड राज्य योजनान्तर्गत कृषि को बढ़ावा देने, बहुफसलीय कृषि के विकास, मानसून पर कृषकों की निर्भरता कम करने हेतु विभिन्न श्रोतों से सिंचाई की समुचित व्यवस्था हेतु डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक के निर्माण हेतु "**जलनिधि**" नामक योजना वित्तीय वर्ष 2015–16 से प्रारंभ की गयी है। जिससे कृषि योग्य भूमि को सिंचित और बहुफसलीय कृषि को बढ़ावा दिया जा सके।

**योजना का स्वरूप**

**(i) डीप बोरिंग की योजना**

| कार्य योजना | पात्रता | अनुदान की राशि | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | भौतिक लक्ष्य | अनुमानित योजना लागत प्रति ईकाई | अधिकतम अनुदान की राशि | पानी पंचायत अंशदान की राशि |
| योजना अन्तर्गत 6 ईंच Diameter deep boring submersible pump 1.5 H.P, आवष्यक Accessories एवं संस्थापन (Installation) के साथ | योजना लघु एवं सीमान्त कृषक समूहों के लिए लागू होगा। विभागीय मार्गदर्षन के आलोक में विधिवत् **पानी पंचायत** का गठन कर इसका कार्यान्वयन कराया जायेगा। समिति के सदस्यों के पास कलस्टर में न्यूनतम 5 एकड़ भूमि होना अनिवार्य होगा। | 54 | 3.50 लाख | 90 प्रतिशत (3.15 लाख) | 10 प्रतिशत (0.35 लाख) |

**(ii) परकोलेशन टैंक (मध्यम एवं निचले खेत में तालाब) की योजना**

| कार्य योजना | पात्रता | अनुदान की राशि | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | भौतिक लक्ष्य | अनुमानित योजना लागत प्रति ईकाई | अधिकतम अनुदान की राशि | पानी पंचायत अंशदान की राशि |
| Length of Percolation Tank – 120 ft. Width of Percolation Tank – 100 ft. Depth of Percolation Tank – 12 ft. Length of Bound – 370 ft Side Slope – 1:1 | योजना लघु एवं सीमान्त कृषक समूहों के लिए लागू होगा। विभागीय मार्गदर्षन के आलोक में विधिवत् **पानी पंचायत** का गठन कर इसका कार्यान्वयन कराया जायेगा। समिति के सदस्यों के पास कलस्टर में न्यूनतम 10 एकड़ भूमि होना अनिवार्य होगा। | 155 | 4.30 लाख | 90 प्रतिशत (3.87 लाख) | 10 प्रतिशत (0.43 लाख) |

**डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक के लिए आवदेन–पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 05.07.2024 है।**

**कृषक/संस्था का चयन**
(i) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/लघु/सीमांत कृषक/महिला कृषकों/इच्छुक कृषकों का चयन प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा एवं पूर्व में जमा किये हुए आवेदन–पत्र एंव जिनके द्वारा पूर्व में पानी पंचायत का गठन कर कृषक अंशदान की राशि खाते में जमा करा दी गयी उनको प्राथमिकता दी जायेगी।
(ii) जिन कृषकों को पूर्व में डीप बोरिंग, सिंचाई पम्प का लाभ प्राप्त कराया जा चुका है, उनकी पात्रता "**जलनिधि योजना**" के लिए मान्य नहीं होगी।
(iii) योजना के कार्यान्वयन में त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था की सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी एवं ग्राम सभा द्वारा चयनित योजनाओं तथा माननीय स्थानीय विधायक की अनुशंसा को प्राथमिकता दी जायेगी।

**आवेदन की प्राप्ति**
(i) भूमि संरक्षण पदाधिकारी, खूँटी, जिला – खूँटी के लिए निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध सुपात्र कृषकों से विहित प्रपत्र–I में आवेदन प्राप्त किया जाएगा।
(ii) आवेदन–पत्र भूमि संरक्षण कार्यालय खूँटी से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।
(iii) आवेदन–पत्र निम्न कागजातों के साथ भूमि संरक्षण कार्यालय, खूँटी में जमा लिया जायेगा।
1. संबंधित योजना ग्राम–सभा में पारित होनी चाहिए एवं पारित प्रस्ताव की छायाप्रति मुखिया द्वारा अभिप्रमाणित।
2. पानी–पंचायत गठित कर, रजिस्टर की छायाप्रति (क्षेत्रीय कर्मचारी/पदाधिकारी की उपस्थिति में) एवं पानी–पंचायत के गठन की फोटोग्राफी।
3. पानी–पंचायत का राष्ट्रीयकृत बैंक में बचत खाता खोलकर कृषक–अंशदान की राशि के साथ बचत खाता की छायाप्रति। (चयनित अध्यक्ष एवं सचिव का संयुक्त खाता)
4. लाभान्वित कृषकों की सूची विहित प्रपत्र में। (मूल प्रति)
5. गाँव के नक्शे पर संबंधित योजना को चिन्हित कर नक्शे की छायाप्रति।
6. जमीन का अद्यतन रसीद एवं पहचान–पत्र (आधार कार्ड की छायाप्रति)।
7. योजना स्थल का कार्य प्रारम्भ से पूर्व का **Geo-Tag** लाभुक के साथ रंगीन फोटोग्राफ।
8. अपूर्ण कागजात के साथ प्राप्त आवेदन को स्वीकार नही किया जायेगा।

**उक्त योजना से संबंधित अन्य जानकारियों के लिए निम्न पत्ते पर संपर्क किया जा सकता है।**
**कार्यालय का पता – भूमि संरक्षण पदाधिकारी, खूँटी, संयुक्त कृषि भवन खूँटी**

भूमि संरक्षण पदाधिकारी,
खूँटी

PR 327257 District(24-25)#D

## छात्रों को मजदूर बना कर करायी जा रही है किताब की ढुलाई



**बारियातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी कार्यालय से इन दिनों पढ़ने वाले बच्चों को मजदूर बनाकर टेंपू से पुस्तक की ढुलायी करायी जा रही है और विभाग तमाशा देख रही है। स्कूली ड्रेस में टेंपू से पुस्तक ले जाते छात्रों ने बताया कि हम लोग विद्यालय में पढ़ाई करते हैं। प्रधानाध्यापक के द्वारा बोला गया कि आज तुम लोग पढ़ाई छोड़ दो और टेंपू से बारियातू बीआरसी कार्यालय जाओ। जहां से किताब टेंपू में लोड कर स्कूल लाना है। निर्देश के बाद हम छह छात्र टेंपू के डाला में लटक कर बारियातू बीआरसी कार्यालय पहुंचे जहां अपने सर पर किताब की बोरी उठा कर टेंपु में लोड करके जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार यह सभी बच्चे चौथी, पांचवीं व छठी कक्षा में पढ़ने वाले हैं। ज्ञात हो की बच्चे टेंपू के पिछे डाला के सपोर्ट रड पर बैठे थे। यह कोई बड़ी घटना को आमंत्रित कर रहा है।

## अबुआ आवास लाभुकों को जाति प्रमाण पत्र बनाने में होगी सहूलियत : सुरेश राम



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** इन दिनों अबुआ आवास के लाभुकों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिसे लेकर जिले के वरीय अधिकारी एक्शन मोड़ पर नजर आ रहे है व अबुआ आवास के लाभुकों का आसानी से जाति प्रमाण पत्र बन जाये उसके लिए एक नया नियम जारी कर दिया है। इस सम्बंध में अंचल निरीक्षक सुरेश राम व अंचल के नाजिर मनोज कुमार ने बताया कि नया आरएस खतियान मे नाम व जाति हो और उसको अपने क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व पंचायत के पंचायत सेवक या जनसेवक से उन्हें अबुआ आवास का सूची लेनी होगी और डॉक्युमेंट वेरिफिकेशन कराना होगा। उसके बाद उनका जाति प्रमाण पत्र आसानी से बन जायेगा। जो सिर्फ अबुआ आवास के लिए ही सिर्फ वैध होगा। बता दें कि मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचन्द्र सिंह के अथक प्रयास से यह संभव हो पाया है। तब जाकर जिले के वरीय पदाधिकारी ने यह निर्देश देने का कार्य किया है।

## बीएस कॉलेज में योग शिविर का आयोजन

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** अंततराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बी एस कॉलेज लोहरदगा में योग शिविर का आयोजन किया गया। इस योगा शिविर में सर्वप्रथम महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से योग एवं प्राणायाम किया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में योग की प्रासंगिकता विषय पर चर्चा की गई। इस क्रम में महाविद्यालय के वरीय व्याख्याता सह रसायनशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ शशि गुप्ता ने कहा कि योग एवं प्राणायाम भारतीय संस्कृति की बहुमूल्य संपत्ति है। इसकी महत्ता को आज पूरी दुनिया स्वीकार रही है। योग से जीवन में चमत्कारिक परिवर्तन लाया जा सकता है और इसके असंख्य उदाहरण हैं। एक स्वस्थ तन मन वाला व्यक्ति ही राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्रोफेसर नईम खान ने अंतराष्ट्री योग दिवस की शुभकामना देते हुए कहा कि स्वास्थ्य ही धन है। वर्तमान समय में जब नाना प्रकार की बीमारियां लोगों के जान की दुश्मन बनी हुई हैं ऐसे में योग इस चुनौती से मुकाबला करने में मददगार है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने दैनिक जीवन में योग को शामिल करना चाहिए। राजनीति विभाग की अध्यक्ष सुमन कुजूर ने योग की अहमियत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जीवन को नियमित एवं संतुलित करने के लिए योग एक वरदान है। भारत ने पूरे विश्व को योग के रूप में एक उपहार दिया है। योग शिविर में स्नातकोत्तर राजनीति विभाग के छात्र अभिषेक कुमार ने सभी को योग एवं प्राणायाम करवाया। कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक मनीष मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में डॉ पुष्पा कुमारी, डॉ अजय नाथ शाहदेव, प्रो रेखा कुमारी, डॉ मनोहर प्रसाद, प्रकाश सिंह सहित कॉलेज के विद्यार्थी उपस्थित थे।

## छोटानागपुर बॉक्साइट और कोल वर्कर्स यूनियन इंटक का वार्षिक अधिवेशन आज

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा स्थित इंटक यूनियन प्रधान कार्यालय राजेंद्र भवन लोहरदगा में छोटानागपुर बॉक्साइट एवं कोल वर्कर्स यूनियन इंटक का वार्षिक अधिवेशन सह आम सभा का आयोजन शनिवार को किया जाएगा। जिसमें यूनियन के सभी पदाधिकारी ,संबद्ध मजदूर सम्मिलित होंगे। अधिवेशन सह आम सभा के आयोजन के पश्चात यूनियन के कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी एवं संबंध मजदूर आयोजन स्थल राजेंद्र भवन से हिंडालको मुख्यालय लोहरदगा के गेट तक एक जुलूस के रूप में शामिल होंगे तथा हिंडालको मुख्यालय गेट के समक्ष अपनी मांगों के साथ प्रदर्शन करेंगे। जिसमें पूर्व सांसद एवं छोटानागपुर बॉक्साइट एवं कोल वर्कर्स यूनियन के महासचिव धीरज प्रसाद साहू समेत अन्य लोग मुख्य रूप से शामिल होंगे।

## जलछाजन के कार्य पर आपत्ति जताते हुए मुखिया ने काम बंद कराया

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जलछाजन के द्वारा तालाब निर्माण कार्य पर पंचायत मुखिया रोष प्रकट करते कार्य करवाने का प्रायोजन पूछा गया परंतु स्पष्ट जबाब नही मिलने पर कार्य को स्थगित किया गया। मामला लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के अरु पंचायत ग्राम के बांधटोली में जलछाजन के द्वारा तालाब निर्माण कार्य आरम्भ किया गया है। जिसकी सूचना जलछाजन के कर्मियों द्वारा पंचायत मुखिया को नही दिया गया। ग्रामीणों से प्राप्त सूचना पर अरु पंचायत मुखिया राजश्री उरांव कार्य स्थल पहुंच उपस्थित जलछाजन के कर्मियों से लाभुक समिति, ग्रामसभा का अभिलेख तथा विभागीय आदेश की पुष्टि किया गया। जिसपर जलछाजन कर्मियों के द्वारा गोलमटोल भाषा में जबाब देते हुए कहा कि कार्य स्थल पर दस्तावेज नही रहता है। यह बात सुन पंचायत मुखिया ने कार्य बंद करने का अपील किया है।

### लातेहार के केडू और विशुनपुर में टीसीबी योजना में घपला

# कागज पर काम दिखा कर करोड़ों की निकासी

**कानूनी कार्रवाई नहीं होने पर 25 जून से चक्का जाम की चेतावनी**

मुकेश कुमार सिंह



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार के ग्रामीणों ने लातेहार उपायुक्त को आवेदन देते हुए कहा है कि ग्राम पंचायत मोंगर के केडू एवं विशनपुर में मनरेगा की दो सौ योजनाओं में विना काम कराये करोड़ों रुपये की फर्जी निकासी की गयी है। इसमें बिचौलिया एवं कंप्यूटर ऑपरेटर, रोजगार सेवक, मुखिया, बीपीओ और जेई की मिलीभगत से टीसीबी योजना का फर्जी दस्तावेज बना कर घोटाला किया गया है। ग्राम-केडू में जो व्यक्ति भूमिहीन है, उसके नाम पर योजना दिखा कर निकासी की गयी है। जो बच्चा नाबालिग है, स्कूल में पढ़ाई करता है, उसके नाम पर भी फर्जी आइडी बना कर निकासी की गयी है। सबसे बड़ी बात है कि जिसके नाम से एक डिसमिल जमीन नहीं है, उसे भी पैसा दिया गया है। साथ ही जूहीबाला कुमारी का टीसीबी निर्माण योजना संख्या 3406001007/ आइएफ/ 7080903062234 में 24 मजदूरों का मस्टर रोल बना कर फर्जी निकासी की गयी है। योजना संख्या 3406001007/ आइएफ/ 7080903015611 में संदीप कुमार के नाम पर दिनांक 30/05/2024 से 31/05/2024 तक मजदूरों के नाम पर फर्जी निकासी की गयी है। टीसीबी निर्माण योजना के तहत नाबालिग सचिन कुमार के नाम पर बिना काम कराये योजना संख्या 3406001007/ आइएफ/7080902841623 में दिनांक 02/10/2023 से 16/11/2023 तक मस्टर रोल दिखा कर फर्जी मजदूरों की राशि 39,270 रुपये का घोटाला किया गया है। ऐसी सैकड़ों योजनाओं में शोभा कुमारी के नाम से 39,270 तथा यमुना पासवान योजना संख्या 3062234 से 36720 रुपये, बादल पासवान के नाम पर योजना संख्या 3062233 से 38,250 रुपये, आनंद कुमार के नाम पर योजना संख्या 2890015 से 37740 रुपये निकासी की गयी है। संजोग पासवान के नाम पर योजना संख्या 2890029, अंजली कुमारी के नाम से टीसीबी योजना संख्या 3015652 से 38250 रुपये की निकासी की गयी है। जिन लाभुकों के नाम से योजना दिखा कर करोड़ों की निकासी की गयी है। इसी तरह ग्राम-केडू में एक भी कूप निर्माण के लिए खुदाई नहीं हुई है, लेकिन राशि निकाल ली गयी है। आवेदन में कहा गया है कि बिचौलिया एवं कप्यूटर ऑपरेटर, रोजगार सेवक, बीपीओ, जेई तथा मुखिया के ऊपर जांच कराकर फर्जी निकासी करने तथा करोड़ों रुपये का घोटाला करने के जुर्म में कानूनी कार्रवाई की जाये, ताकि धरातल पर काम दिख सके। यह भी कहा गया है कि जांच नहीं करायी गयी, तो 25 जून से चक्का जाम किया जायेगा।

इधर इस संबंध में लातेहार बीडीओ मनोज तिवारी से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि अभी हमारे पास किसी तरह का कोई आवेदन नहीं आया है। अगर आता है, तो नियम संगत कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

# प्रधानमंत्री आवास योजना में धांधली न हो : आशा लकड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोहरदगा।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ आशा लकड़ा, की अध्यक्षता में अनुसूचित जनजाति से संबंधित मामलों व अन्य विभागों के प्रगति से संबंधित बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में सर्वप्रथम मनरेगा योजनाओं की समीक्षा की गई जिसमें योजनाओं में अनुसूचित जनजाति की भागीदारी से संबंधित चर्चा की गयी। वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना में खेल मैदान को सुदूरवर्ती गांवों में भी चिन्हित कर स्वीकृत किये जाने का निदेश दिया। बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना में योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की गयी और निर्देश दिये गये। अबुआ आवास योजना की समीक्षा में लाभुकों के आवास के साथ एक शौचालय की योजना भी जोड़े जाने का निर्देश दिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में किसी भी प्रकार शिकायत के लिए जांच किये जाने का निर्देश दिया गया। शिक्षा विभाग की समीक्षा में अनुसूचित जनजाति के आवासीय विद्यालयों के स्थिति की समीक्षा की गयी। विद्यालयों में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतियोगिताएं आयोजित किये जाने का निर्देश दिया गया। सभी विद्यालयों के बच्चों के लिए संकुल स्तर और जिला स्तर पर क्विज प्रतियोगिताएं आयोजित किये जाने का निर्देश दिया गया। कृषि विभाग को सभी एफपीओ को क्रियाशील किये जाने का निर्देश दिया गया। समाज कल्याण विभाग और आइटीडीए विभाग की समीक्षा हुई। छात्रावासों में पेयजल की समुचित व्यवस्था, अध्ययन कक्ष, बीएस कॉलेज की छात्राओं के लिए सही स्थान पर भूमि का चयन कर छात्रावास के लिए प्रस्ताव भेजने, महिला कॉलेज, कस्तूरबा आवासीय विद्यालय व नये छात्रावास के लिए एक पुलिस पिकेट की स्थापना करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, वन प्रमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग सहित अन्य उपस्थित थे।

**गांव-गांव में पेंशन के नये लाभुकों को जोड़े**

**सामाजिक सुरक्षा विभाग अंतर्गत गांव-गांव में पेंशन के नये लाभुकों को जोड़े जाने हेतु विशेष अभियान चलाकर घर-घर सर्वे किये जाने का निदेश दिया गया। डॉ आशा लकड़ा ने कहा कि गांवों में कई ऐसे वृद्ध हैं जो स्वयं सरकारी कार्यालयों तक नहीं आ पाते हैं। ऐसे में उन्हें योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रखा जा सकता है। कंबल वितरण के लिए निर्देश दिया गया कि जनप्रतिनिधियों के स्तर कंबल का वितरण करने के लिए जिला परिषद सदस्य, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य और वार्ड सदस्य के लिए संख्या तय कर लें ताकि गांव में सभी जरूरतमंद लाभुकों को कंबल प्राप्त हो सके।**

# विहिप के धर्म प्रसार क्षेत्र की बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर हुई चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** शहर के गुदरी बाजार स्थित खेमराज स्मृति भवन परिसर में शुक्रवार को विश्व हिंदू परिषद के बैनर तले पटना जोन में धर्म प्रसार क्षेत्र की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रांत प्रवर्तन प्रमुख (झारखंड) के अनिल कुमार गुप्ता ने की। बैठक में बीते एक वर्ष में हुए कार्यक्रमों और आगामी वर्षों में होने वाले कार्यक्रम को लेकर गहन चर्चा की गई। बैठक में झारखंड, दक्षिण बिहार और उत्तर बिहार के कई पदाधिकारी भी शामिल हुए। संबंधित क्षेत्र में आगामी कार्यक्रमों के रूपरेखा को लेकर चर्चा की गई और बीते वर्षों में हुए बैठक की भी समीक्षा की गई। वहीं बैठक में संगठन के विस्तार को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए। बैठक में बीते एक वर्ष में हुए प्रवर्तन और धर्म परिवर्तन के मामले पर भी विचार किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी कार्यक्रमों को बेहतर रूप से आयोजित करना है। जिससे प्रांत से जुड़े लोगों को सबंधित कार्यक्रम का लाभ मिल सके। बैठक में अलग-अलग प्रांतों से पहुंचे पदाधिकारियों ने भी अपने विचार रखें। मौके पर मुख्य रूप से प्रांत प्रवर्तन प्रमुख अनिल कुमार गुप्ता, धर्म प्रसार क्षेत्र के प्रांत मंत्री राजकिशोर सिंह, सह मंत्री भानु प्रताप सिंह, उत्तर बिहार के संगठन मंत्री नागेंद्र कुमार समर्थ, क्षेत्र धर्म प्रसार प्रमुख उपेंद्र कुमार कुशवाहा, प्रांत संगठन मंत्री चितरंजन कुमार, प्रांत प्रशासनिक संपर्क प्रमुख दक्षिण बिहार के राम बहादुर सिंह, अखिल विद्यार्थी प्रमुख सुधांशु, क्षेत्र मंत्री बिहार और झारखंड के वीरेंद्र विमल सहित अन्य उपस्थित थे।

## खड़े पिकअप में ट्रक ने मारी टक्कर, बचा चालक

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भंडरा - लोहरदगा मुख्य पथ में विगत रात करीब 11 बजे रात में भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के गेट के समीप एक बारह चक्का ट्रक ने सड़क पर खड़ी पिकअप वैन नम्बर जेएच 01 डीवी 7311 को जोरदार टक्कर मार दिया। इस घटना में पिकअप चालक बाल - बाल बच गया। ट्रक की टक्कर में पिकअप वैन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की जानकारी भंडरा पुलिस को दिया गया। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने ट्रक को पकड़कर भंडरा थाना ले लाया और पुलिस द्वारा जांच पड़ताल किया जा रहा है। पिकअप वैन चालक राजिक खान ने बताया की गाड़ी लोहरदगा मिशन चौक निवासी राजकुमार प्रधान की है। चालक ने बताया लोहरदगा से सब्जी लोडकर टाटा लेकर जा रहा था।

## जीवन में योग अपनायें, निरोग रहें : डॉ वाघमारे प्रसाद



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शुक्रवार को जिला प्रशासन लोहरदगा की ओर से बैडमिंटन कोर्ट हॉल (बहुद्देश्यीय भवन) में योग शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि योग ऐसी क्रिया है जिससे तन और मन दोनों स्वस्थ रहता है। योग को हम सभी को अपनाना चाहिए। योग अपनाएं और निरोग रहें। कार्यक्रम में वन प्रमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## हल्की बारिश में ही डूबा देवी मंडप



**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुडू प्रखंड के चंदलासो पंचायत अंतर्गत कोकर गांव स्थित प्राचीन देवी मंडप बीते दिनों हुई हल्की बारिश में ही पानी मे डूब गया। जिससे ग्रामीणों का पूजा अर्चना करना भी मुहाल हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत की मुखिया के गैरजिममेदाराना रवैया और अनदेखी के कारण मंदिर के आसपास ऐसी हालत हुई है। गांव के अभय साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीणों द्वारा दर्जनों बार मंदिर के समीप नाली निर्माण करने की मांग रखी गयी लेकिन मुखिया द्वारा फंड का नही होने का ही अलाप सुनने को मिला। बीते सोमवार को बारिश के बाद मंदिर के चारों ओर पानी भरने की सूचना पर जमा हुए ग्रामीण अभय साहू, संजय साहू, राहुल साहू, जयप्रकाश साहू, शिवटहल साहू, शिवनाथ साहू, दिगंबर साहू, सोनू मुंडा, रवि साहू, रंथु मुंडा, संतोष साहू, बजरंगी मुंडा, गब्बर साहू द्वारा फोन पर मुखिया को जानकारी देनी चाही लेकिन मुखिया ने फोन नही उठाया। और बाद में स्थल का निरीक्षण करने तक से मना कर दिया। इससे लेकर कोकर के ग्रामीणों में आक्रोश है।

## भाकपा माले ने अंतरराष्ट्रीय प्रतिवाद दिवस मनाया




**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** अंतरराष्ट्रीय प्रतिवाद दिवस प्रख्यात लेखिका अरूंधति राय समेत मानवाधिकार कार्यकर्ता शेख शौकत हुसैन के खिलाफ दिल्ली के उपराज्यपाल के द्वारा युएपीए के तहत मुकदमा दायर करवाना अभिव्यक्ति की आजादी, लोकतंत्र की हत्या,संविधान के विरूद्ध तथा तानाशाही का द्योतक बताते हुए भाकपा माले ने अन्तरराष्ट्रीय प्रतिवाद दिवस मनाया तथा उसे रद्द करने की मांग की ।ज्ञातव्य हो कि पूर्व में भी मानवाधिकार कार्यकर्ता स्टेन स्वामी की न्यायिक हत्या, झारखण्ड-मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की साजिशन गिरफ्तारी मोदी सरकार की काली कार्रवाई जग-जाहिर है। जिसे प्रदेश की जनता भूली नहीं है ।अब तो केजरीवाल जी को नियमित जमानत भी मिल गया। छात्रों के जीवन से खिलबाड़ करना एनडीए सरकार बंद करे। इसलिए भाकपा (माले) युएपीए के तहत किये गये मुकदमा की वापसी तथा उसे रद्द करते हुए संवैधानिक कर्तव्यों का पालन करने की मांग की है ।जिससे देश में शान्ति व्यवस्था कायम रह सके। प्रतिवाद दिवस में जिला प्रभारी कॉ. महेश कुमार सिंह, हजारी उरांव, दिलमोहन साहू, बीगा साहू आदि ने अपने विचार व्यक्त किये।

## जेएमएस इंग्लिश मीडियम स्कूल ने मनाया योग दिवस



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जेएमएस इंग्लिश मीडियम स्कूल में विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्रों, शिक्षकों, और अभिभावकों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। विद्यालय के निदेशक एडवोकेट सुषमा सिंह ने कार्यक्रम की शुरूआत योग के महत्त्व और इसके स्वास्थ्य लाभों पर प्रकाश डालते हुए किया। उन्होंने बताया कि आज कहीं न कहीं हम योग के महत्व को भूलते जा रहे हैं। जिसके कारण आज कई तरह की बीमारियां सामने आ रही हैं। पर योग हमे इन बीमारियों से बचने के साथ साथ हमे इनसे दूर रखने में भी सक्षम है। उन्होंने कहा कि हमे नहीं भूलना चाहिए कि स्वास्थ ही धन हैं, इसलिए अपने जीवन में योग के महत्व को समझना चाहिए। विद्यालय के बच्चो को योग के प्रति प्रेरित भी किया। योग प्रशिक्षक श्रवण साहू और उनके सहयोगी सूर्यावती साहू ने विभिन्न योग आसनों का प्रदर्शन किया और छात्रों को सही तकनीक सिखायी। इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्य दीपा शिखर तथा विद्यालय के शिक्षक विवेक भारती, जीएम मुतुर्जा, निशांत चौरसिया, राजेंद्र कुंवर, रविकांत अग्रवाल, कमल साहू, माना देवघरिया, शांति प्रिया, खुशबू, रिचा बखला , सुजाता बाखला, आसमा उरांव, रजनी केशरी तथा विद्यालय के सभी सहयोगियों बड़े समूह में आयोजित इस सत्र में सभी ने पूरे जोश के साथ भाग लिया तथा सफल बनाया।

## योग से स्वस्थ व निरोग जीवन संभव : प्रवीण भारती



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान लोहरदगा जिला के तत्वावधान में जिला प्रभारी प्रवीण भारती एवं मानसी भारती द्वारा जजों एवं उपस्थित लोगों को योगा प्रोटोकॉल का तहत योगाभ्यास कराया गया। इस अवसर पर जिला जज प्रथम अखिलेश तिवारी द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उन्होंने कहा कि योग प्रतिदिन करना चाहिए। सुबह के समय योग और फिर कर्मयोग करना चाहिए। योग से स्वस्थ रहकर निरोग जीवन जिया जा सकता है।हमें इसके लिये अवश्य समय निकालना चाहिए। इस अवसर पर जिला जज प्रथम अखिलेश तिवारी के अलावा, कुटुंब न्यायालय जज सुभाष, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कृष्कान्त मिश्रा, एस डी जे एम अमित कुमार, ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट अर्चना कुमारी, जया स्मिता कुजूर सहित सभी जज एवं न्यायालय के सभी कर्मचारी शामिल रहे एवं पूरे मनोयोग से योग किया गया।

# लोहरदगा में पतंजलि ने योग महोत्सव मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान, युवा भारत एवं महिला पतंजलि योग समिति की ओर से योग महोत्सव के रूप में मनाया गया। पतंजलि के योग शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा जिला मुख्यालय से लेकर प्रखंडों में भी बड़े ही धूमधाम एवं योग आयुर्वेद को अपनाने के लिए व्यापक तरीके से दैनिक दिनचर्या में आत्मसात करने की पहल की गई। जिला प्रभारी प्रवीण भारती एवं मानसी द्वारा व्यवहार न्यायालय लोहरदगा, सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में राज्य कार्यकारिणी सदस्य सह जिला प्रभारी शिवशंकर सिंह, जिला कोषाध्यक्ष दिनेश प्रजापति, पतंजलि योग समिति के सह जिला प्रभारी वासुदेव महतो लोहरदगा रेलवे स्टेशन, युवा भारत के जिला प्रभारी अंकित अग्रवाल, वरीय योग शिक्षक संजय मधुर, युवा योग शिक्षिका खुशी भारती, अजय प्रसाद द्वारा सलगी चांपी में, पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी अभय भारती द्वारा ब्लॉक कालोनी सामुदायिक भवन लोहरदगा में, कूडू मुख्यालय में सुमित उरांव व शिवराज विजय महतो, किस्को में विजय साहू, सेन्हा में विजय सोनी व विजय कुमार, कैरो में सुदामा महतो, गुरुकुल शांति आश्रम में अर्जुन आर्य समेत सभी प्रखंडों में योग साधकों एवं बहनों द्वारा योग अभ्यास कराया गया।

# लातेहार खेल स्टेडियम में योग शिविर का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिले भर में योग दिवस मनाया गया। स्कूलों, स्टेडियम और गांवों में मिनी स्टेडियम में प्रातः काल से ही योग के लिए लोग पहुंचने लगे।

इसी क्रम में लातेहार जिला प्रशासन के तत्वाधान में जिला खेल स्टेडियम में योग शिविर का आयोजन किया गया।

इस दौरान उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित इस योग शिविर का मुख्य उद्देश्य न केवल लोगों को योग के विभिन्न आसनों, क्रियाओं व प्राणायामों के बारे में जानकारी देना और योगाभ्यास कराना है। बल्कि इसे अधिक से अधिक घरों तक नियमित दिनचर्या के रुप में पहुंचाना भी है। हमें इस योग दिवस पर नियमित योग करने का संकल्प लेना चाहिए। मनुष्य के सर्वांगीण विकास के लिए नियमित रूप से योग करना आवश्यक है।

योग शिविर में योगासनों जैसे - कपाल भाती, अनुलोम-विलोम, ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन त्रिकोणासन, प्रानोध्यान सहित कई अन्य योग का अभ्यास कराया गया। योग शिविर में बैठकर, पेट एवं पीठ के बल लेटकर किए जाने वाले भी कई योगाभ्यास को कराया तथा उसके लाभ के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। इस अवसर पर जिला स्तरीय पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, छात्र-छात्राओं, स्थानीय लोगों ने योगाभ्यास कर स्वस्थ रहने का संकल्प लिया।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 22 जून, 2024
www.azadsipahi.in
10

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2024 : अंबेडकर पार्क में सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन

# हमारे योग को विश्व ने अपनाया : पवन पुरुषार्थी

## पलामू सांसद ने किया योगाभ्यास, पुरस्कृत छात्रों को दी शुभकामनाएं

- गिरिवर प्लस टू उच्च विद्यालय में आयोजित रंगोली, पेंटिंग्स एवं भाषण प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मिला पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र

**आजाद सिपाही संवाददाता**



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास करते सांसद वीडी राम व अन्य।

**मेदिनीनगर।** 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर डाल्टनगंज केंद्रीय संचार ब्यूरो की ओर से अंबेडकर पार्क में सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया गया। 'स्वयं एवं समाज के लिए योग' की थीम पर आधारित योगाभ्यास में समाज के हर वर्ग के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने भी आम लोगों के साथ योगाभ्यास किया। इससे पूर्व क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव कुमार पुष्कर द्वारा सांसद का पुष्पगुच्छ एवं मोमेंटो देकर सम्मान किया गया। वहीं, योगाभ्यास की शुरूआत शहर के मशहूर गीतकार एवं संगीतकार राम- श्याम बंधुओं द्वारा भजन से की गई। इसके बाद योग युवा पलामू के संरक्षक एवं योग प्रशिक्षक पवन पुरुषार्थी ने कॉमन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया एवं योग अभ्यास और प्राणायाम से होने वाले फायदे के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। पवन पुरुषार्थी ने कहा कि योग के माध्यम से मानसिक- शारीरिक शांति की प्राप्ति होती है। योग हमारी पुरातन परंपरा रही है जिसको आज विश्व ने अपनाया है। नियमित दिनचर्या में योग को शामिल करने से कई प्रकार की बीमारियों से बचाव होता है। वहीं, सांसद ने डाल्टनगंज केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा योग दिवस की पूर्व संध्या पर गुरुवार को गिरवर प्लस टू उच्च विद्यालय में आयोजित रंगोली, पेंटिंग्स एवं भाषण के प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया। केंद्रीय संचार ब्यूरो में पंजीकृत गीत एवं नाटक दल मासूम आर्ट ग्रुप के कलाकारों द्वारा सैकत चटर्जी के निर्देशन में योग से संबंधित गीत एवं नाटक प्रस्तुत किया गया। योगाभ्यास में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार, गिरिवर प्लस टू उच्च विद्यालय के प्राचार्य नीरज कुमार द्विवेदी, शिक्षक शशिकांत कुमार सहित योग युवा पलामू के सभी सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। वहीं, कार्यक्रम के सफल संचालन में क्षेत्रीय प्रचार सहायक मनोज कुमार एवं नेहरू युवा केंद्र के मनोरंजन तिवारी आदि की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

## पांकी विधायक ने निजी खर्च से शुरू करवाया सड़क बनवाने का काम



**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने पांकी प्रखंड अंतर्गत ताल पंचायत के अतिसुदूरवर्ती एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्र आबून में बदहाल सड़क से लोगों को निजात दिलाने के लिए निजी खर्च से सड़क बनवाने का कार्य शुरू करवा दिया है। सड़क की बदहाली के कारण दो पहिया वाहन एवं चार पहिया वाहन चलाना तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल था। ऐसे में ग्रामीणों की मांग पर विधायक ने त्वरित संज्ञान लेते हुए अपने निजी खर्च से शुक्रवार को सड़क बनवाने का काम शुरू करवाया। विधायक ने कहा कि ग्राम मतुली के मेला टांड के प्रांगण में शहीद नीलाम्बर पीताम्बर की आदम कद प्रतिमा बहुत जल्द स्थापित की जाएगी। इस दौरान विधायक ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना एवं गरीब असहाय महिलाओ के बीच साड़ी का वितरण किया। मौके पर प्रो बच्चन ठाकुर, मुखिया अनीता लोहरा, रोशन सिंह, सुनील कुशवाहा, कमेश यादव, संतोष वर्मा, बबलू यादव, लक्ष्मण यादव, दशु सिंह, सोनू सिंह, लालदेव भुइयां, महेशर सिंह, सुरेश सिंह आदि थे।

## चावल के अभाव में हुसैनाबाद प्रखंड के दर्जनों विद्यालय में मध्याह्न भोजन बंद

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शिक्षा विभाग व सरकार का स्पष्ट निर्देश है कि विद्यालयों में किसी भी परिस्थिति में मध्याह्न भोजन बंद नहीं करना है। लेकिन हुसैनाबाद प्रखंड के कई प्राथमिक व मध्य विद्यालयों में चावल के अभाव में मध्याह्न भोजन बंद कर दिया गया है। जबकि गोदाम में चावल उपलब्ध है। जानकारी के अनुसार मध्य विद्यालय देवरी खुर्द, देवरी कला, काजी बिहरा, डंडीला, दरूआ, पोखरा पर, बैरांव नावाडीह, घाघरा, सरहु (उ), वंशी विगहा, बेनीकला, दंगवार, पोल्डीह, नदिआईन, उपरी खुर्द, झरगड़ा, गांव खाप, महुडंड, गम्हरिया आदि में मध्याह्न भोजन बंद है। यही नहीं, दर्जनों विद्यालय में मध्याह्न भोजन बंद होने की कगार पर है। उक्त विद्यालयों के प्रधानाध्यापक ने बताया कि चावल उपलब्ध नहीं कराया गया है। जिस कारण एमडीएम बंद हैं। उन्होंने कहा कि अप्रैल में कटी पर्ची पर अबतक चावल प्राप्त नहीं हुआ है। प्रावधान के अनुसार बीइओ द्वारा संवेदक को आवंटन सूची उपलब्ध कराना है। इस संबंध में चावल की डिलिवरी करने वाले संवेदक ने बताया कि बीइओ द्वारा आवंटन सूचि नहीं प्राप्त हुआ है। जिस कारण चावल की आपूर्ति नहीं की गई है। सूची उपलब्ध होते ही सभी विद्यालयों में चावल उपलब्ध करा दिया जाएगा। जबकि हुसैनाबाद के बीइओ रामनरेश राम बताया कि आवंटन सूची उपलब्ध करा दी गयी है। संवेदक मनमानी कर रहा है। शीघ्र ही इस समस्या का समाधान किया जाएगा।

# योग को दिनचर्या में शामिल करें व स्वस्थ रहें: डीसी

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शुक्रवार को पलामू प्रमंडल मुख्यालय के मेदिनीनगर स्थित शिवाजी मैदान में सामूहिक योगाभ्यास किया गया। जिसमें डीसी शशि रंजन, मेदिनीनगर नगर आयुक्त जावेद हुसैन व अपर समाहर्ता कुंदन कुमार आदि ने दीप प्रज्वलन के बाद संयुक्त रूप से योगाभ्यास कर कार्यक्रम की शुरूआत की। योग प्रशिक्षक पतंजलि योगपीठ के राजीव शरण ने सभी को 'स्वयं एवं समाज के लिए योग' की थीम पर सामान्य योग अभ्यासक्रम (प्रोटोकॉल) के साथ सामूहिक योगाभ्यास कराया। उन्होंने सामान्य योग के विभिन्न क्रियाओं यथा मंगला चरण वंदन के साथ शिथिलीकरण अभ्यास, ग्रीवा चालन, स्कंध संचालन,कटि चालान, घुटना संचालन, ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, वज्रासन, अर्ध उष्ट्रासन, उष्ट्रासन आदि योग के विभिन्न क्रियाओं को कराया। इसके अलावा प्रणायाम के दौरान शारीरिक स्थिति, प्राणायाम के अभ्यास विधि, लाभ एवं सावधानियों के बारे विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर डीसी ने जिलेवासियों से योग को अपने जीवन में आत्मसात करने की अपील की। कहा कि योग को हम अपने जीवन चर्या में शामिल कर स्वास्थ्य और मन को सुदृढ़ कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि उनका खुद का निजी अनुभव योग को लेकर बहुत अच्छा रहा है। नियमित योगाभ्यास के कारण मेरा ब्लड प्रेशर सामान्य है। उन्होंने सभी युवाओं व विभिन्न उम्र के लोगों से योग को अपने दिनचर्या में शामिल करने की अपील की। मौके पर सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार, सदर एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी, डीटीओ जितेंद्र यादव, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कू, मेदिनीनगर भूमि सुधार उप समाहर्ता प्यारेलाल, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार आदि ने योगाभ्यास किया। साथ ही योग के महत्व को जाना और योग को अपने जीवन में आत्मसात करने का प्रण लिया। पूरे कार्यक्रम के सफल संचालन में जिला आयुष विभाग का अहम योगदान रहा।

## एसडीओ-एसडीपीओ ने किया योगाभ्यास



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** अनुमंडलीय मैदान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शुक्रवार ोक ब्रह्माकुमारी संस्था और योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ झारखंड की ओर से योग शिविर का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर आलोक रंजन ने किया। वहीं, मुख्य अतिथि के रूप में एसडीओ पीयूष कुमार सिन्हा और एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो उपस्थित थे। बीके प्रियंका ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। वहीं, बीके प्रियंका, बीके रितिका और बीके वंदना ने दीप प्रज्वलन के बाद मुख्य अतिथियों को परमात्म संदेश और ईश्वरीय उपहार देकर स्वागत किया। डॉ अखिलेश कुमार गुप्ता ने विशेष रूप से युवाओं से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील की। जबकि ब्रह्माकुमारी संस्था की मुख्य प्रवक्ता ब्रकु प्रियंका बहन ने गीता में वर्णित योग का सार समझाते हुए कहा कि 'योग की आवश्यकता तब होती है जब मनुष्य अपने आहार, विहार, व्यवहार, विचार और आचार में संतुलन खो देता है। तब परमात्मा आकर योग सिखाते हैं। इस मौके पर कर्नल संजय सिंह, बीके अभिमन्यु, राजू रंजन, बीके धीरज, संतोष गुप्ता, अजीत अग्रवाल व अंशिका, आदि मौजूद थे। वहीं, समता स्कूल, आरपीएस पब्लिक स्कूल, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बेबी वर्ल्ड स्कूल, लक्ष्मी शिशु वाटिका आदि स्कूलों में योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित हुआ।


**सिमडेगा समाहरणालय, सिमडेगा। (भू–अर्जन शाखा)**
**प्रपत्र VI**
**झारखण्ड सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग (भू–अर्जन निदेशालय)**
**या उपायुक्त या समुचित सरकार**

**प्रारम्भिक अधिसूचना**

(अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)

अधिसूचना सं0 .................................. दिनांक..............................

चूँकि झारखण्ड सरकार/उपायुक्त सिमडेगा को यह प्रतीत होता है कि ग्राम – हेठमा, थाना नं0 – 19 थाना – कुरडेग, अंचल – कुरडेग, में भूमि, सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना – **ठेठाईटांगर–बोलबा–केरसई–किनकेल पथ (MDR-041) (कुल –लंबाई–57.9 कि0मी0) तक पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण** हेतु अपेक्षित है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम – हेठमा, थाना नं0 –19, थाना – कुरडेग, अंचल – कुरडेग, जिला सिमडेगा में उपर्युक्त कथित योजना के लिए **कमोवेश 11.593 एकड़ यानि 4.69152 हेक्टेयर** मानक माप का रैयती/गैरमजरुआ भूखण्ड जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है –

| क0 सं0 | खाता । सं0 | सर्वे भूखण्ड सं0 | स्वमित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल एकड़ में | हितबद्ध व्यक्ति का नाम | सीमा भूखण्ड संख्या | | | | वृक्ष | | संरचनाएँ | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | उ0 | द0 | पू0 | प.0 | किस्म | संख्या | प्रकार | प्लिंथ एरिया Sft. |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 1 | 510 | 10028 | रैयती | टांड़ दो | 0.003 | मीटकु गोंड़ वल्द भरथो गोंड़ वगै0 पे0 मुटरु गोंड़ | | | | | | | | |
| 2 | 509 | 10029 | रैयती | टांड़ दो | 0.028 | मीटकु गोंड़ वल्द भरथो गोंड़ वगै0 पे0 मुटरु गोंड़ | | | | | | | | |
| 3 | 509 | 10031 | रैयती | परती कदीम | 0.025 | मीटकु गोंड़ वल्द भरथो गोंड़ वगै0 पे0 मुटरु गोंड़ | | | | | | | | |
| 4 | 242 | 10032 | रैयती | मकानमय | 0.016 | बुचा खड़िया वगै0 पे0 डेबई खड़िया | | | | | | | | |
| 5 | 242 | 10034 | रैयती | मकानमय | 0.028 | बुचा खड़िया वगै0 पे0 डेबई खड़िया | | | | | | | | |
| 6 | 242 | 10035 | रैयती | मोटा आर | 0.007 | बुचा खड़िया वगै0 पे0 डेबई खड़िया | | | | | | | | |
| 7 | 76 | 10037 | रैयती | टांड़ दो | 0.063 | कोन्दा खड़िया वो कोका खड़िया वो डेबई खड़िया पे0 रति खड़िया | | | | | | | | |
| 8 | 55 | 10318 | रैयती | परती कदीम | 0.058 | कवीतर गोंड़ वो रघुवर गोंड़ वो बकतर गोंड़ पे0 कुड़ु गोंड़ | | | | | | | | |
| 9 | 459 | 10319 | रैयती | परती कदीम | 0.040 | भोदो खड़िया वगै0 वल्द सुखु खड़िया | | | | | | | | |
| 10 | 54 | 10321 | रैयती | दोन दो | 0.040 | कवीतर गोंड़ वो रघुवर गोंड़ वो बकतर गोंड़ पे0 कुड़ु गोंड़ | | | | | | | | |
| 11 | 404 | 10412 | रैयती | परती कदीम | 0.065 | सुकरा मांझी वगै0 पे0 गौतम मांझी | | | | | | | | |
| 12 | 399 | 10413 | रैयती | परती कदीम | 0.042 | जैसन्ती गोड़ाइन पिता अधन प्रधान | | | | | | | | |
| 13 | 24 | 10414 | रैयती | परती कदीम | 0.023 | अमीर गोंड़ वगै0 पे0 सुनदरा गोंड़ | | | | | | | | |
| 14 | 26 | 10415 | रैयती | परती कदीम | 0.082 | अमीर गोंड़ वगै0 पे0 सुनदरा गोंड़ | | | | | | | | |
| 15 | 26 | 10417 | रैयती | परती कदीम | 0.047 | अमीर गोंड़ वगै0 पे0 सुनदरा गोंड़ | | | | | | | | |
| 16 | 161 | 10419 | रैयती | परती कदीम | 0.065 | जगजीत गोंड़ वल्द दलु गोंड़ | | | | | | | | |
| 17 | 24 | 10420 | रैयती | परती कदीम | 0.041 | अमीर गोंड़ वगै0 पे0 सुनदरा गोंड़ | | | | | | | | |
| 18 | 662 | 10428 | रैयती | परती कदीम | 0.002 | बहुरन प्रधान वल्द हरखनाथ प्रधान | | | | | | | | |
| 19 | 26 | 10432 | रैयती | परती कदीम | 0.096 | अमीर गोंड़ वगै0 पे0 सुनदरा गोंड़ | | | | | | | | |
| 20 | 24 | 10441 | रैयती | परती कदीम | 0.088 | अमीर गोंड़ वगै0 पे0 सुनदीर गोंड़ | | | | | | | | |
| 21 | 404 | 10453 | रैयती | परती कदीम | 0.065 | सुकरा मांझी वगै0 पे0 गौतम मांझी | | | | | | | | |
| 22 | 24 | 10454 | रैयती | परती कदीम | 0.076 | अमीर गोंड़ वगै0 पे0 सुनदरा गोंड़ | | | | | | | | |
| 23 | 54 | 10476 | रैयती | मोटा आर | 0.011 | कवीतर गोंड़ वो रघुवर गोंड़ वो बकतर गोंड़ पे0 कुड़ु गोंड़ | | | | | | | | |
| 24 | 54 | 10477 | रैयती | दोन एक | 0.023 | कवीतर गोंड़ वो रघुवर गोंड़ वो बकतर गोंड़ पे0 कुड़ु गोंड़ | | | | | | | | |
| 25 | 58 | 10563 | रैयती | टांड़ दो | 0.056 | इलियस खड़िया वगै0 पे0 करमा खड़िया | | | | | | | | |
| 26 | 662 | 10565 | रैयती | परती कदीम | 0.040 | बहुरन प्रधान वल्द हरखनाथ प्रधान | | | | | | | | |
| 27 | 662 | 10566 | रैयती | परती कदीम | 0.136 | बहुरन प्रधान वल्द हरखनाथ प्रधान | | | | | | | | |
| 28 | 642 | 10569 | रैयती | परती कदीम | 0.076 | सोमरा गोंड़ वगै0 पे0 रघुनाथ गोंड़ | | | | | | | | |
| 29 | 642 | 10570 | रैयती | परती कदीम | 0.061 | सोमरा गोंड़ वगै0 पे0 रघुनाथ गोंड़ | | | | | | | | |
| 30 | 642 | 10571 | रैयती | परती कदीम | 0.036 | सोमरा गोंड़ वगै0 पे0 रघुनाथ गोंड़ | | | | | | | | |
| 31 | 642 | 10595 | रैयती | परती कदीम | 0.049 | सोमरा गोंड़ वगै0 पे0 रघुनाथ गोंड़ | | | | | | | | |
| 32 | 91 | 10603 | रैयती | टांड़ दो | 0.030 | खेदन गोंड़ वगै0 पे0 बोधन गोंड़ | | | | | | | | |
| 33 | 91 | 10604 | रैयती | टांड़ दो | 0.051 | खेदन गोंड़ वगै0 पे0 बोधन गोंड़ | | | | | | | | |
| 34 | 642 | 10607 | रैयती | टांड़ दो | 0.003 | सोमरा गोंड़ वगै0 पे0 रघुनाथ गोंड़ | | | | | | | | |
| 35 | 608 | 10699 | रैयती | दोन दो | 0.002 | शीतल मांझी वगै0 पे0 मंगरा मांझी वो लोटो मांझी वल्द अकालु मांझी | | | | | | | | |
| 36 | 608 | 10700 | रैयती | टांड़ दो | 0.067 | शीतल मांझी वगै0 पे0 मंगरा मांझी वो लोटो मांझी वल्द अकालु मांझी | | | | | | | | |
| 37 | 608 | 10701 | रैयती | परती पत्थर | 0.003 | शीतल मांझी वगै0 पे0 मंगरा मांझी वो लोटो मांझी वल्द अकालु मांझी | | | | | | | | |
| 38 | 642 | 10709 | रैयती | टांड़ तीन | 0.016 | सोमरा गोंड़ वगै0 पे0 रघुनाथ गोंड़ | | | | | | | | |
| 39 | 642 | 10712 | रैयती | टांड़ दो | 0.006 | सोमरा गोंड़ वगै0 पे0 रघुनाथ गोंड़ | | | | | | | | |
| 40 | 642 | 10715 | रैयती | टांड़ तीन | 0.023 | सोमरा गोंड़ वगै0 पे0 रघुनाथ गोंड़ | | | | | | | | |
| 41 | 608 | 10719 | रैयती | टांड़ तीन | 0.102 | शीतल मांझी वगै0 पे0 मंगरा मांझी वो लोटो मांझी वल्द अकालु मांझी | | | | | | | | |
| 42 | 242 | 10739 | रैयती | टांड़ तीन | 0.002 | बुचा खड़िया वगै0 पे0 डेबई खड़िया | | | | | | | | |
| 43 | 242 | 10740 | रैयती | टांड़ दो | 0.008 | बुचा खड़िया वगै0 पे0 डेबई खड़िया | | | | | | | | |
| 44 | 78 | 10742 | रैयती | टांड़ दो | 0.016 | कोन्दा खड़िया वो कोका खड़िया वो डेबई खड़िया पे0 रति खड़िया | | | | | | | | |
| 45 | 58 | 10745 | रैयती | टांड़ दो | 0.048 | इलियस खड़िया वगै0 पे0 करमा खड़िया | | | | | | | | |
| 46 | 58 | 10746 | रैयती | टांड़ दो | 0.064 | इलियस खड़िया वगै0 पे0 करमा खड़िया | | | | | | | | |
| 47 | 76 | 10747 | रैयती | परती कदीम | 0.042 | कोन्दा खड़िया वो कोका खड़िया वो डेबई खड़िया पे0 रति खड़िया | | | | | | | | |
| 48 | 76 | 10748 | रैयती | टांड़ तीन | 0.037 | कोन्दा खड़िया वो कोका खड़िया वो डेबई खड़िया पे0 रति खड़िया | | | | | | | | |
| 49 | 76 | 10749 | रैयती | परती कदीम | 0.046 | कोन्दा खड़िया वो कोका खड़िया वो डेबई खड़िया पे0 रति खड़िया | | | | | | | | |
| 50 | 311 | 10753 | रैयती | टांड़ तीन | 0.022 | पौलुस खड़िया वल्द मुड़ला खड़िया | | | | | | | | |
| 51 | 311 | 10754 | रैयती | परती कदीम | 0.117 | पौलुस खड़िया वल्द मुड़ला खड़िया | | | | | | | | |
| 52 | 58 | 10755 | रैयती | टांड़ दो | 0.053 | इलियस खड़िया वगै0 पे0 करमा खड़िया | | | | | | | | |
| 53 | 398 | 11116 | रैयती | टांड़ दो | 0.013 | भरथु गोंड़ वगै0 पिता बिरसु गोंड़ | | | | | | | | |
| 54 | 242 | 11117 | रैयती | मोटा आर | 0.006 | बुचा खड़िया वगै0 पे0 डेबई खड़िया | | | | | | | | |
| 55 | 242 | 11118 | रैयती | दोन तीन | 0.027 | बुचा खड़िया वगै0 पे0 डेबई खड़िया | | | | | | | | |
| 56 | 242 | 11119 | रैयती | टांड़ तीन | 0.030 | बुचा खड़िया वगै0 पे0 डेबई खड़िया | | | | | | | | |
| 57 | 510 | 11120 | रैयती | टांड़ तीन | 0.059 | मीटकु गोंड़ वल्द भरथो गोंड़ वगै0 पे0 मुटरु गोंड़ | | | | | | | | |
| 58 | 312 | 11122 | रैयती | टांड़ दो | 0.017 | पौलुस खड़िया वल्द मुड़ला खड़िया | | | | | | | | |
| 59 | 242 | 11123 | रैयती | दोन दो | 0.040 | बुचा खड़िया वगै0 पे0 डेबई खड़िया | | | | | | | | |
| 60 | 2 | 11124 | रैयती | टांड़ दो | 0.172 | मेगु उरांव वो जगरु उरांव वो लोला उरांव वो मंगरु उरांव पे0 जीकु उरांव वो कीशुन उरांव वो दानिएल उरांव वो पीउस उरांव पे0 मुड़ला उरांव | | | | | | | | |
| 61 | 356 | 11125 | रैयती | टांड़ तीन | 0.066 | अमीर भोय वगै0 पे0 बखौरी गोंड़ | | | | | | | | |
| 62 | 356 | 11126 | रैयती | टांड़ तीन | 0.038 | अमीर भोय वगै0 पे0 बखौरी गोंड़ | | | | | | | | |
| 63 | 356 | 11127 | रैयती | टांड़ दो | 0.044 | अमीर भोय वगै0 पे0 बखौरी गोंड़ | | | | | | | | |
| 64 | 103 | 13126 | रैयती | टांड़ तीन | 0.044 | रामु उरांव वगै0 वल्द गुंगा उरांव | | | | | | | | |
| 65 | 103 | 13127 | रैयती | टांड़ दो | 0.086 | रामु उरांव वगै0 वल्द गुंगा उरांव | | | | | | | | |
| 66 | 531 | 13129 | रैयती | टांड़ दो | 0.068 | जलधर मांझी वगै0 वल्द मंगरु मांझी | | | | | | | | |
| 67 | 531 | 13130 | रैयती | टांड़ दो | 0.074 | जलधर मांझी वगै0 वल्द मंगरु मांझी | | | | | | | | |
| 68 | 155 | 13131 | रैयती | टांड़ दो | 0.069 | लाल अहीर वगै0 वल्द छन्दु अहीर | | | | | | | | |
| 69 | 531 | 13322 | रैयती | टांड़ दो | 0.187 | जलधर मांझी वगै0 वल्द मंगरु मांझी | | | | | | | | |
| 70 | 531 | 13323 | रैयती | टांड़ दो | 0.046 | जलधर मांझी वगै0 वल्द मंगरु मांझी | | | | | | | | |
| 71 | 531 | 13324 | रैयती | टांड़ दो | 0.044 | जलधर मांझी वगै0 वल्द मंगरु मांझी | | | | | | | | |
| 72 | 532 | 13339 | रैयती | टांड़ तीन | 0.023 | जलधर मांझी वल्द मंगरु मांझी | | | | | | | | |
| 73 | 531 | 13340 | रैयती | टांड़ दो | 0.085 | जलधर मांझी वल्द मंगरु मांझी | | | | | | | | |
| 74 | 531 | 13341 | रैयती | टांड़ दो | 0.030 | जलधर मांझी वगै0 वल्द मंगरु मांझी | | | | | | | | |
| 75 | 581 | 13342 | रैयती | टांड़ दो | 0.072 | लोगों गोंड़ वल्द जैंकुल गोंड़ | | | | | | | | |
| 76 | 581 | 13343 | रैयती | टांड़ दो | 0.084 | लोगों गोंड़ वल्द जैंकुल गोंड़ | | | | | | | | |
| 77 | 544 | 13344 | रैयती | टांड़ दो | 0.057 | रघु प्रधान वगै0 पे0 रंजीत प्रधान | | | | | | | | |
| 78 | 110 | 13355 | रैयती | टांड़ दो | 0.111 | गोसाई गोंड़ वगै0 पे0 मकुड़ गोंड़ | | | | | | | | |
| 79 | 531 | 13356 | रैयती | टांड़ तीन | 0.032 | जलधर मांझी वगै0 वल्द मंगरु मांझी | | | | | | | | |
| 80 | 532 | 13358 | रैयती | टांड़ दो | 0.028 | जलधर मांझी वल्द मंगरु मांझी | | | | | | | | |
| 81 | 538 | 13360 | रैयती | टांड़ दो | 0.023 | बैजु कालो पिता रघुनाथ कालो | | | | | | | | |
| 82 | 537 | 13361 | रैयती | टांड़ दो | 0.009 | बैजु कालो पिता रघुनाथ कालो | | | | | | | | |
| 83 | 451 | 13401 | रैयती | टांड़ दो | 0.030 | रनसथ मांझी वगै0 पिता भुआल मांझी | | | | | | | | |
| 84 | 657 | 13479 | रैयती | टांड़ एक | 0.016 | सुखु मांझी वल्द पोढ़ा मांझी | | | | | | | | |
| 85 | 226 | 13481 | रैयती | टांड़ तीन | 0.127 | अमीर मांझी वगैरह वल्द टीकम मांझी | | | | | | | | |
| 86 | 531 | 13483 | रैयती | टांड़ तीन | 0.045 | जलधर मांझी वगै0 वल्द मंगरु मांझी | | | | | | | | |
| 87 | 418 | 13484 | रैयती | टांड़ तीन | 0.154 | बुधुवा कालो पिता संगराम कालो | | | | | | | | |
| 88 | 537 | 13908 | रैयती | परती कदीम | 0.079 | बैजु कालो पिता रघुनाथ कालो | | | | | | | | |
| 89 | 356 | 13909 | रैयती | टांड़ दो | 0.103 | अमीर भोय वगै0 पे0 बखौरी गोंड़ | | | | | | | | |
| 90 | 356 | 13910 | रैयती | परती कदीम | 0.002 | अमीर भोय वगै0 पे0 बखौरी गोंड़ | | | | | | | | |
| 91 | 356 | 13918 | रैयती | दोन एक | 0.029 | अमीर भोय वगै0 पे0 बखौरी गोंड़ | | | | | | | | |
| 92 | 356 | 13919 | रैयती | दोन एक | 0.004 | अमीर भोय वगै0 पे0 बखौरी गोंड़ | | | | | | | | |
| 93 | 356 | 13920 | रैयती | दोन एक | 0.009 | अमीर भोय वगै0 वल्द बखौरी भोय | | | | | | | | |
| 94 | 138 | 13922 | रैयती | परती कदीम | 0.112 | कमलु प्रधान वल्द भटा प्रधान | | | | | | | | |
| 95 | 356 | 13955 | रैयती | दोन एक | 0.037 | अमीर भोय वगै0 पे0 बखौरी गोंड़ | | | | | | | | |
| 96 | 356 | 13983 | रैयती | परती कदीम | 0.083 | अमीर भोय वगै0 पे0 बखौरी गोंड़ | | | | | | | | |
| 97 | 693 | 10030 | गैरमजरुआ मालिक | जंगल झाड़ी | 0.012 | गैरमजरुआ मालिक | | | | | | | | |
| 98 | 693 | 10033 | गैरमजरुआ मालिक | परती कदीम | 0.014 | गैरमजरुआ मालिक | | | | | | | | |
| 99 | 694 | 10036 | गैरमजरुआ आम | रास्ता | 0.541 | गैरमजरुआ आम | | | | | | | | |
| 100 | 693 | 10056 | गैरमजरुआ मालिक | जंगल झाड़ी | 0.030 | गैरमजरुआ मालिक | | | | | | | | |
| 101 | 693 | 10057 | गैरमजरुआ मालिक | नदी | 0.337 | गैरमजरुआ मालिक | | | | | | | | |
| 102 | 693 | 10315 | गैरमजरुआ मालिक | जंगल झाड़ी | 0.213 | गैरमजरुआ मालिक | | | | | | | | |
| 103 | 693 | 10416 | गैरमजरुआ मालिक | जंगल झाड़ी | 0.033 | गैरमजरुआ मालिक | | | | | | | | |
| 104 | 693 | 10418 | गैरमजरुआ मालिक | जंगल झाड़ी | 0.044 | गैरमजरुआ मालिक | | | | | | | | |
| 105 | 693 | 10429 | गैरमजरुआ मालिक | जंगल झाड़ी | 0.035 | गैरमजरुआ मालिक | | | | | | | | |
| 106 | 694 | 10430 | गैरमजरुआ आम | रास्ता | 1.480 | गैरमजरुआ आम | | | | | | | | |
| 107 | 693 | 10431 | गैरमजरुआ मालिक | जंगल झाड़ी | 0.041 | गैरमजरुआ मालिक | | | | | | | | |
| 108 | 693 | 10437 | गैरमजरुआ मालिक | जंगल झाड़ी | 0.045 | गैरमजरुआ मालिक | | | | | | | | |
| 109 | 693 | 10475 | गैरमजरुआ मालिक | जंगल झाड़ी | 0.094 | गैरमजरुआ मालिक | | | | | | | | |
| 110 | 693 | 10681 | गैरमजरुआ मालिक | जंगल झाड़ी | 0.231 | गैरमजरुआ मालिक | | | | | | | | |
| 111 | 693 | 10702 | गैरमजरुआ मालिक | परती कदीम | 0.011 | गैरमजरुआ मालिक | | | | | | | | |
| 112 | 694 | 10713 | गैरमजरुआ आम | रास्ता | 0.988 | गैरमजरुआ आम | | | | | | | | |
| 113 | 694 | 10776 | गैरमजरुआ आम | रास्ता | 1.363 | गैरमजरुआ आम | | | | | | | | |
| 114 | 693 | 11121 | गैरमजरुआ मालिक | जंगल झाड़ी | 0.045 | गैरमजरुआ मालिक | | | | | | | | |
| 115 | 694 | 13462 | गैरमजरुआ आम | रास्ता | 0.290 | गैरमजरुआ आम | | | | | | | | |
| 116 | 693 | 13465 | गैरमजरुआ मालिक | जंगल झाड़ी | 0.547 | गैरमजरुआ मालिक | | | | | | | | |
| 117 | 693 | 13482 | गैरमजरुआ मालिक | परती कदीम | 0.026 | गैरमजरुआ मालिक | | | | | | | | |
| 118 | 693 | 13917 | गैरमजरुआ मालिक | परती कदीम | 0.179 | गैरमजरुआ मालिक | | | | | | | | |
| 119 | 693 | 13954 | गैरमजरुआ मालिक | परती कदीम | 0.037 | गैरमजरुआ मालिक | | | | | | | | |
| 120 | 693 | 13984 | गैरमजरुआ मालिक | परती कदीम | 0.043 | गैरमजरुआ मालिक | | | | | | | | |
| 121 | 693 | 13985 | गैरमजरुआ मालिक | परती कदीम | 0.070 | गैरमजरुआ मालिक | | | | | | | | |
| 122 | 693 | 13989 | गैरमजरुआ मालिक | परती कदीम | 0.080 | गैरमजरुआ मालिक | | | | | | | | |
| 123 | 693 | 13998 | गैरमजरुआ मालिक | परती कदीम | 0.004 | गैरमजरुआ मालिक | | | | | | | | |
| कुल | | | | | 11.593 | | | | | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 अधिनियम संख्या – 30/2013 की धारा – 11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, सिमडेगा के कार्यालय में किसी प्रकार कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/उपायुक्त सिमडेगा–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अनेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी सिमडेगा और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई व्यक्ति उपायुक्त सिमडेगा के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारम्भिक अधिसूचना में विनिर्दिश्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा – 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार का आपतियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी सिमडेगा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

**कानूनगो,** जिला भू–अर्जन सिमडेगा | **जिला भू–अर्जन पदाधिकारी,** सिमडेगा | **अपर समाहर्त्ता,** सिमडेगा | **उपायुक्त,** सिमडेगा।

PR 327103 (Simdega) 24-25 (D)

**दुस्साहस :** गर्दन में मारी गयी गोली, पहुंचे विधायक राज सिन्हा

# इंजीनियरिंग के छात्र की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या, पसरा तनाव

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जिले में अपराधियों का मनोबल चरम पर है। इसका ताजा उदाहरण शुक्रवार को धनबाद सदर थाना क्षेत्र में देखने को मिला। यहां इंजीनियरिंग के एक छात्र की होली मार कर हत्या कर दी गयी। उनकी पहचान अमरदीप भगत (21) के रूप में हुई है। धनबाद सदर थाना क्षेत्र के लॉ कॉलेज के समीप दिनदहाड़े उसे अपराधियों ने गोली मार दी। गोली युवक की गर्दन में मारी गई जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। उधर, गोली चलने की आवाज सुनकर लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को घटना की सूचना दी।



गोलीकांड के बाद अस्पताल पहुंचे विधायक राज सिन्हा।

कुछ देर में पुलिस भी पहुंच गयी। युवक को एसएनएमसीएच लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अमरदीप भगत मनईटाड़ का रहने वाला था। इसकी सूचना पाकर युवक के परिजन भी अस्पताल पहुंचे। उनका रो-रोकर बुरा हाल है। उधर, घटना की जानकारी पाकर विधायक राज सिन्हा भी अस्पताल पहुंचे और मृतक के परिजनों को ढांढस बंधवाते हुए न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। वहीं, पुलिस भी हत्या का मामला दजर्द कर जांच में जुट गई है। इस मौके पर विधायक ने कहा कि धनबाद सहित पूरे झारखंड में अपराध रुकने का नाम नहीं ले रहा है। यहां कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। सरकार व पुलिस इसे रोकने में असफल है। मनईटाड़ सहित आसपास के क्षेत्र में अपराध का स्तर बढ़ा है। ड्रग्स, जिम्फरोसी का धंधा चल रहा है। कहा कि जिले में बिगड़ी विधि व्यवस्था को लेकर एसपी से मिलेंगे और क्षेत्र में पुलिस गश्ती बढाने का आग्रह करेंगे। साथ ही छात्र के हत्यारों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग करेंगें।

# तिसरी में होम्योपैथिक डॉक्टर और उनकी पत्नी की संदिग्ध परिस्थिति में मौत, घर से दोनों का शव बरामद

## दुर्गंध आने पर पड़ोस में रहने वाले भाई ने पुलिस को दी सूचना

- आर्थिक तंगी व पत्नी की बीमारी से परेशान थे वृद्ध दंपत्ति, कई बार कह चुके थे आत्महत्या की बात

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले के तिसरी में वृद्ध दंपत्ति की संदिग्ध परिस्थिति में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक की पहचान श्याम सिन्हा और उनकी पत्नी उषा देवी के रूप में हुई है। मृतक श्यामा सिन्हा पेशे से होम्योपेथिक डॉक्टर थे, जो तिसरी में पेट्रोल पंप के समीप रहते थे। शुक्रवार को दोनों का शव घर के एक कमरे में पाया गया। शव सड़ चुका था और उसमें से दुर्गंध आ रही है। शव की स्थिति देखने से प्रतित हो रहा था



घर में पड़ा डॉक्टर व उनकी पत्नी का सड़ागला शव।

कि दो से तीन दिन पहले ही पति-पत्नी की मौत हो चुकी थी। इसकी सूचना पाकर तिसरी थाना के एसआई रोशन कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों शवों का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पता चला है कि मृतक डॉक्टर श्याम सिन्हा और उनकी पत्नी की कोई संतान नहीं है। उनका छोटा भाई रामू सिन्हा पास में ही रहते है। उन्होंने बताया कि तीन दिनों से भैया-भाभी घर से बाहर नहीं निकले थे। इसी बीच जब घर से दुर्गंध आने लगी तो उन्होंने छत से झांका तो एक कमरे में दोनों का शव पड़ा दिखा। डॉक्टर श्याम सिन्हा का शव कमरे के चौखट के पास, जबकि उनकी पत्नी का शव पलंग पर पड़ा हुआ था। स्थानीय लोगों की मानें तो पति-पत्नी आर्थिक तंगी से परेशान थे। पत्नी उषा की तबियत अक्सर खराब रहने से डॉक्टर साहब परेशान रहते थे। आर्थिक तंगी रहने के कारण पहले भी कई बार पति-पत्नी जहर खा कर एक साथ मरने की बात कह चुके थे। बताया गया की मंगलवार को बाजार से ड्रिंक मंगाया गया था। उसके बाद से किसी ने दोनों को घर के बाहर नहीं देखा। वहीं, पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असल कारणों का पता चल सकेगा।

## बालू लदा वाहन जब्त

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** डीसी माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिले में खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई जारी रखते हुए जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर द्विवेदी के नेतृत्व में खनन टास्क फोर्स द्वारा शुक्रवार को अवैध बालू लगा एक वाहन जब्त किया है। इस संबंध में जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की निति अपनाते हुए खनन टास्क फोर्स ने धनबाद थाना क्षेत्र में औचक छापामारी अभियान चलाया। इसी क्रम में अवैध बालू लदे एक वाहन को जब्त किया गया। वाहन को बरवाअड्डा थाना परिसर में सुरक्षित अभिरक्षण में रखा गया है। उसके मालिक का पता लगाया जा रहा है।

# तीन युवकों ने किशोरी से किया सामूहिक दुष्कर्म, बनायी वीडियो, आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** थाना अंतर्गत जरलाही बस्ती की 12 वर्षीय एक नाबालिग लड़की से तीन युवकों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म करने के साथ ही उसकी वीडियो भी बनाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने पीड़िता की लिखित शिकायत पर तीनों आरोपितों को गिरफ्तार भी कर लिया है। इनमें से एक की पहचान सिद्धार्थ सिंह (20) के रूप में हुई है, जिसे न्यायालय हिरासत में भेज दिया गया। जबकि दो नाबालिक लड़कों को न्यायालय को सौंपने की प्रक्रिया जारी है। उदर, पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए धनबाद



भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार तीनों लड़कों ने नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर कर जलराही और अकाश किनारी बस्ती के बीच झाड़ियों में ले गए और उसके साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया। इसके बाद वारदात का वीडियो भी बना लिया। नाबालिक द्वारा इसका विरोध करने पर वीडियो सोशल मीडिया में वायरल करने की धमकी दी गयी। जिसके डर से बच्ची शुरूआत में घर वालों को कुछ नहीं बता रही थी। लेकिन बार-बार युवकों द्वारा वीडियो वारल करने की धमकी देने पर देर शाम उसने परिजनों को पूरी घटना बता दी। जिसके बाद परिजनों ने तुरंत कतरास थाना पहुंचकर आरोपितों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज करवाई। थाना प्रभारी असीत कुमार सिंह ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अकाश किनारी मैदान के समीप छापामारी कर तीन आरोपितों को दबोच लिया।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर बीएसएल में कार्यक्रम आयोजित



**बोकारो/धनबाद (आजाद सिपाही)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शुक्रवार को बोकारो क्लब परिसर में बीएसएल की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बीएसएल के निदेशक प्रभारी वीरेंद्र कुमार तिवारी, अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं एवं अतिरिक्त प्रभार सामग्री प्रबंधन) चित्त रंजन मोहापात्रा, अधिशासी निदेशक (एचआर एवं अतिरिक्त प्रभार संकार्य) राजन प्रसाद, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बीबी करुणामय और बोकारो इस्पात संयंत्र के वरीय अधिशासी, कर्मचारी के अलावा बीएसएल स्कूल के विद्यार्थी भी उपस्थित थे। योग गुरू के रूप में सेक्टर-4 योग केंद्र के कृष्ण बंधु मिश्रा उपस्थित रहे। प्रारंभ में निदेशक प्रभारी, अधिशासी निदेशकों और वरिष्ठ अधिकारीयों व योग गुरु द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की गई। योग गुरु ने प्रतिभागियों को योग के बारे में विस्तृत जानकारी दी और विभिन्न प्रकार के प्रयोगात्मक आसन एवं प्राणायाम का प्रदर्शन किया। वहीं, विश्व योग दिवस पर धनबाद के सबलपुर स्थित ओल्ड एज होम में बुजुर्गों ने भी योगाभ्यास किया। ओल्ड एज होम के संचालक नौशाद गद्दी ने कहा कि बुजुर्गों के अच्छे स्वास्थ्य के प्रति हम बेहद सचेत रहते हैं। हर दिन स्वास्थ्य की दृष्टिकोण से आश्रम में हर सुविधा यथासंभव उपलब्ध कराई जाती है। दवाओं की अपेक्षा योग अभ्यास ज्यादा कारगर साबित हुआ है। इसी को लेकर प्रशिक्षित योग शिक्षक द्वारा ओल्ड एज होम एवं लालमणि वृद्ध सेवा आश्रम में समय-समय पर योगाभ्यास व स्वास्थ्य जांच कैंप लगाया जाता है।

# बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़, 5 गिरफ्तार





आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जिले में बाइक चोरों ने पुलिस की नाक में दम कर रखा था। आये दिन कहीं न कहीं से बाइक चोरी कर कानून व्यवस्था को ठेंगा दिखा रहे थे। पर मुस्तैदी व कुशल कार्यशैली के कारण पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़ करने के साथ ही पांच चोरों को भी गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को तिसरा थाना परिसर में संवाददाता सम्मेलन कर वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) हृदीप पी जनार्दनन ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि खास-कुईयां के रहने वाले दो शातिर गिरोह बनाकर झरिया एवं धनबाद के अन्य जगहों से बाइक चोरी कर एकत्रित किए हुए है। इसके बाद तुरंत सिंदरी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी से प्राप्त निर्देश के आलोक में तिसरा थाना प्रभारी एवं घनुवाडीह ओपी० प्रभारी के नेतृत्व में टीम बनाकर छापामारी की गयी। इसी क्रम में तिसरा थाना क्षेत्र के खास-कुईया स्थित बीसीसीएल के जर्जर मकान के पास से दो चोरों को दबोच लिया गया, जो चोरी की योजना बना रहे थे। उनके पास से चार बाइक भी जब्त की गयी। उनसे सख्ती से पूछताछ करने पर उन लोगों ने अपने अन्य सहयोगियों के भी नाम व चोरी की बाइक से संबंधित जानकारी पुलिस को दे दी। जिसके बाद उनकी निशानदेही पर सुरूगां, चांद कुइया और कुसमाटाड आदि जगहों से आठ और चोरी की बाइक बरामद की गयी। लगे हाथ तीन अन्य चोरों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। सभी ने चोरी की घटना में अपनी संलिप्ता की बात स्वीकार की है। उनके खिलाफ तिसरा थाना कांड संख्या 51/24 के तहत शुक्रवार को भादवि की धारा 413, 414 एवं 34 के तहत मामला दर्ज कर लिाय गया है। छापामारी टीम में तिसरा थाना प्रभारी सुमन कुमार, घनुवाडीह ओपी प्रभारी पवन कुमार, पुअनि श्यामल उरांव, पुअनि लालेंद्र कुमार सिंह आदि शामिल थे। जबकि संवाददाता सम्मेलन में सिंदरी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी भूपेंद्र राउत, झरिया थाना प्रभारी शशि रंजन, तीसरा थाना प्रभारी सुमन कुमार और घनुवाडीह ओपी प्रभारी पवन कुमार मौजूद थे।

# बंद इस्ट भगतडीह कोलियरी के चानक में युवक ने लगायी छलांग

युवक को निकालने का प्रयास जारी, परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनसार।** झरिया थाना अंतर्गत बस्ताकोला क्षेत्र के बंद इस्ट भगतडीह कोलियरी के नौ नंबर चानक में गुरुवार की रात एक युवक ने छलांग मार दी। शुक्रवार की सुबह वरीय बीसीसीएल अधिकारी के आदेश पर माइंस रेस्क्यू के सुपरीटेंडेंट पीआर मुखर्जी के नेतृत्व में रेस्क्यू टीम युवक को निकालने का कार्य शुरू किया है। पर घंटों मशक्कत के बाद भी संसाधन की कमी के कारण युवक को बाहर नहीं निकाला जा सका। हालांकि टीम उसे निकालने का लगातार प्रयास कर रही है। जानकारी के मुताबिक चानक के समीप के ही चौथाई



कुल्हीं निवासी परमेश्वर साहनी का पुत्र कृष्णानंद साहनी (22) चानक में कूद गया। इसकी सूचना मिलने के बाद भाजपा कार्य समिति सदस्य रागिनी सिंह घटनास्थल पर पहुंच गयी और पीड़ित परिजन से मिला ढांढस बढ़ाया। साथ ही रागिनी सिंह ने बीसीसीएल के आला अधिकारियों से फोन पर बात कर उक्त युवक को निकालने की मांग की। रागिनी सिंह ने कहा कि सुरक्षा को ताक पर रखकर बीसीसीएल ने बंद चानक का अच्छी तरह से घेराव नहीं किया, जिस कारण यह घटना घटी है। कहा कि घटना में बीसीसीएल की घोर लापरवाही देखी जा रही है। साथ ही धनबाद की डीसी माधवी मिश्रा से भी फोन पर बात कर राहत बचाव कार्य में तेजी लाने की मांग की। दूसरी ओर, युवक के चानक में कूदने की खबर पूरे क्षेत्र में जंगल में लगी आग की तरफ फैल गई। इसके बाद वहां स्थानीय लोगों की काफी भीड़ इकट्ठा हो गई। दूसरी ओर, परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। समाचार लिखे जाने तक युवक बाहर नहीं निकाला जा सका था और टीम द्वारा प्रयास लगतार जारी है। वहीं, मृतक की मां अन्ना देवी ने बताया कि मोहल्ले में किसी से कहासुनी के बाद कृष्णानंद मल्लाह ने चाणक में छलांग मार दी। बताया कि मृतक की दो बहन है जिनका विवाह हो चुका है। मृतक का विवाह ऐना कोलियरी में हुआ था। पर कुछ वर्ष पूर्व उनका तलाक हो चुका है। कृष्णानंद का चार साल का एक बेटा भी है जो अपनी मां के साथ रहता है। उधर, झरिया थाना प्रभारी शशि रंजन कुमार ने बताया कि युवक को खदान से निकलने के लिए एनडीआरएफ की टीम की मांग की गई है। इसके लिए डीसी को पत्राचार किया गया है। वहीं, इस आलोक में माइंस रेस्क्यू के सुपरिंटेंडेंट पीआर मुखर्जी ने बताया कि रेस्क्यू टीम द्वारा लगातार प्रयास जारी है।

# योग से शारीरिक-मानसिक कमियों को दूर कर सकते हैं: डीसी

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शुक्रवार को गोल्फ ग्राउंड में जिला स्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत विधायक राज सिन्हा, डीसी माधवी मिश्रा, सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानु प्रतापन, जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कुमकुम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर योग प्रशिक्षक शिवम कुमार सिंह, प्रिंयका कुमारी, विनय कुमार पंडित, किशोर कुमार ने लोगों को अर्ध चंद्रासन-भुजंग आसन-बाल आसन-मार्जरी आसन, पद्मासन, वज्रासन, सिद्धासन, मत्स्यासन, वक्रासन समेत कई अन्य आसान करवाया। वहीं, डीसी माधवी मिश्रा ने कहा कि योग एक प्राचीन



भारतीय पद्धति है, जिसे आज पूरी दुनिया ने अपनाया है। जिसमें शरीर, मन और आत्मा को एक साथ लाने (योग) का काम होता है। योग से ना सिर्फ बीमारियों का उपचार किया जाता है, बल्कि इसे अपनाकर कई शारीरिक और मानसिक कमियों को भी दूर किया जा सकता है। योग हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाकर जीवन में नई-ऊर्जा का संचार करता है। वहीं, विधायक राज सिन्हा ने कहा कि योगासन शरीर को शक्तिशाली एवं लचीला बनाए रखता है। तनाव से भी मुक्ति दिलाता है, जो हमारी दैनिक जीवन के लिए आवश्यक है। योगासन और योग की मुद्राएं तन और मन दोनों को संचालित रखती हैं। योग जो कि भारत से शुरू हुई आज पूरे विश्व में इसकी ख्याति है। इस परंपरा का पालन करते हुए हम स्वस्थ जीवन जी सकते हैं। इस दौरान मादक प्रदार्थो के रोकथाम के लिए चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत सभी को शपथ भी दिलाई गई। मौके पर नगर आयुक्त रविराज शर्मा, डीएसपी मुख्यालय-2 संदीप गुप्ता, सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानु प्रतापन, जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कुमकुम, आयुष के सीएचओ, डॉ संजय कुमार, स्कूली बच्चे एवं आम जनता मौजूद रहे।

## विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने किया योगाभ्यास, विजेता छात्राओं को किया पुरस्कृत

# योग के प्रति जागरूकता हमारी सामाजिक जरूरत : मथुरा महतो

10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर बीबीएमआई महिला कॉलेज में सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन

सांस्कृतिक दल कला निकेतन ने योग पर दी रोचक प्रस्तुति

आजाद सिपाही संवाददाता

**तोपचांची/धनबाद।** केंद्र सरकार की सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो की धनबाद इकाई की ओर से 10 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2024 पर शुक्रवार को तोपचांची प्रखंड में सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया गया। बिनोद बिहारी महतो इंटर महिला कॉलेज परिसर में सुबह में आयोजित योगाभ्यास का शुभारंभ विधायक मथुरा प्रसाद महतो, प्राचार्य उत्तम कुमार महतो, सामाजिक कार्यकर्ता सुखदेव सिंह, बीबीएमआई कालेज के प्रभारी प्राचार्य धिरजू प्रसाद महतो एवं क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी




ओंकार नाथ पाण्डेय ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद केंद्रीय संचार ब्यूरो, धनबाद के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी ओंकार नाथ पाण्डेय ने अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र और मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक मथुरा महतो ने कहा कि योग के प्रति जागरूकता आज हमारी सामाजिक जरूरी है। मैं खुद नियमित रूप से इसका अभ्यास करता हूं। योग पूरे समाज के लिए लाभदायक है। मैं खुद अपने इलाके के समाजिक संस्थाओं को इसके प्रचार प्रसार के लिए प्रेरित और मदद भी करते रहता हूं। वहीं, समाजसेवी सुखदेव सिंह ने कहा कि योग हर उम्र में लाभदायक है। महिला, पुरुष, युवा, सभी को इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। वहीं, सुबह आठ बजे से शुरू हुए कार्यक्रम के दौरान पतंजलि योग केंद्र के योगाचार्य ने योग प्रोटोकॉल के तहत ॐ स्वर से योगाभ्यास की शुरूआत कराई। उसके बाद ग्रीवा चालन, स्कंध संचालन, कटी चक्रासन, शवासन, ताड़ासन आदि आसनों का लगभग 45 मिनट अभ्यास करवाया। इससे पूर्व अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर केंद्रीय संचार ब्यूरो, धनबाद द्वारा योग जागरूकता रैली निकाली गई जिसे विधायक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के लिए सभी प्रतिभागियों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस संदेश अंकित टी शर्ट और टोपी दिया गया। सभी ने 'करें योग रहें निरोग' का नारा लगाते हुए रैली निकाली। वहीं, कार्यक्रम स्थल पर विभाग के गीत एवं नाटक प्रभाग के पंजीकृत दल कला निकेतन द्वारा योग पर रोचक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसे सभी ने काफी सराहा। 20 जून को सीबीसी धनबाद द्वारा प्री पब्लिसिटी के तहत इसी कॉलेज में आयोजित निबंध, पेंटिग और योग प्रतियोगिता के विजेताओं को बैग, घड़ी, वाटर बॉटल, इंस्ट्रूमेंट बॉक्स, देकर पुरस्कृत किया गया। योग में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्राओं को मेडल देकर मुख्य अतिथि द्वारा प्रस्तुत किया गया। निबंध प्रतियोगिता में पेंटिग प्रतियोगिता में दीपाली कुमारी को प्रथम स्थान मिलाष जबकि निबंध प्रतियोगिता की विजेता अंतर कुमारी रही। कार्यक्रम का संचालन विभाग के तकनीकी सहायक राजकिशोर पासवान ने किया। जबकि कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रोफेसर धीरज महतो, प्रोफेसर बेणेश्वर टुडू, प्रोफेसर सरिता गुप्ता, प्रोफेसर राजेश महतो, प्रोफेसर बलदेव प्रसाद महतो, प्रोफेसर मुकेश महतो, अनिल रजवार, शिव महतो और इकबाल अंसारी आदि की प्रमुख भूमिका रही।

**कार्यालय राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, हजारीबाग**

**अतिअल्पकालीन ई– पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – NREP/HAZARIBAG/02/2024-25**

दिनांक 21.06.2024, मद का नाम – जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट

1. बेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 28.06.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – 28.06.2024 के पूर्वाह्न 11:00 बजे से 05.07.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने का स्थान – एन0आर0ई0पी0 कार्यालय, हजारीबाग।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 06.07.2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, हजारीबाग।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–7321025542 ई–मेल – nrephazaribag@gmail.com

निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता बन्द कर दिया जाता है कि उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | चलकुषा | चलकुशा प्रखण्ड अन्तर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, घोरबन्दा के चाहरदिवारी एवं अन्य निर्माण कार्य। | 10996600.00 | 10000.00 | 220000.00 | एक वर्ष |

8. पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, रॉची के संकल्प सं0–2146(s) दिनांक 09.09.2020 के आलोक में सम्प्रति 10 प्रतिशत से नीचे के दर की निविदायें अनुमान्य होगी। 10 (दस) प्रतिशत से न्युन निविदाओं के लिए Additional Preformance Security के क्रम में परिमाण विपत्र की राशि से – (i) 10 से 20 प्रतिशत Below तक की राशि का 20 प्रतिशत तथा (ii) 20 प्रतिशत से अधिक Below की राशि का 30 प्रतिशत अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागू होगा। निविदाओं का निष्पादन उपरोक्त वर्णित संकल्प के आधार पर होगा।
9. इस निविदा में अंकित योजना के लिए भवन निर्माण विभाग में पंजीकृत (नवीकृत) समुचित श्रेणी के निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं।

नोट :–

केवल ई–निविदा स्वीकृत होगा। प्राक्कलित राशि घट/बढ़ सकती है। अन्य सूचनाऍ वेबसाईट http: www-jharkhand tenders.gov.in/ कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, हजारीबाग कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0/–

कार्यपालक अभियंता,

राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, हजारीबाग

PR 327190 Rural Development(24-25)#D

# उत्साह के साथ 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया

## नये ओड़िशा, स्वस्थ ओड़िशा के निर्माण में योग की महत्वपूर्ण भूमिका है : मोहन चरण माझी



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** नये ओड़िशा और स्वस्थ ओड़िशा के निर्माण में योग की महत्वपूर्ण भूमिका है। मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी ने कहा कि योग के माध्यम से स्वस्थ समाज के निर्माण का जो प्रयास शुरू किया गया है, उसे समाज के हर स्तर तक ले जाया जायेगा। मुख्यमंत्री श्री माझी ने शुक्रवार को कलिंग स्टेडियम में आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में भाग लेते हुए यह बात कही। इस वर्ष के योग का विषय 'स्वयं के लिए योग और समाज के लिए योग' था। कार्यक्रम में खेल एवं युवा सेवा मंत्री सूर्यबंशी सूरज ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मुख्य सचिव पीके जेना, विकास आयुक्त अनु गर्ग, खेल सचिव आर विनिल कृष्णा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

## डॉ आशुतोष बिस्वास ने युवा मन और शरीर पर योग के गहरे प्रभाव पर जोर दिया



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** योग दिवस पर एम्स भुवनेश्वर कार्यकारी निदेशक डॉ आशुतोष विश्वास ने कहा कि इस वर्ष की थीम स्वयं और समाज के लिए योग, व्यक्तिगत और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने, जमीनी स्तर की भागीदारी को प्रोत्साहित करने और ग्रामीण क्षेत्रों में योग के प्रसार में योग की दोहरी भूमिका पर प्रकाश डालती है। एक संदेश के माध्यम से डॉ बिस्वास ने युवा मन और शरीर पर योग के गहरे प्रभाव पर जोर दिया। विशेष योग सत्र में डीन डॉ पीआर महापात्रा, एसएमओ डॉ प्रशांत कुमार साहू, चिकित्सा अधीक्षक डॉ दिलीप कुमार परिदा, डीडीए, लेफ्टिनेंट कर्नल अभिजीत सरकार, उपस्थित थे। योग प्रशिक्षक संतोष साहू ने योगाभ्यास कराया तो डॉ अजीत प्रधान ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## किट और किस में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साह के साथ मनाया गया



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की 10वीं वर्षगांठ बीजू पटनायक मल्टी पर्पस इंडोर स्टेडियम, किट विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर में उत्साह के साथ मनायी गयी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए किट और किस के संस्थापक प्रो अच्युत सामंत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को वैश्विक स्तर पर योग को बढ़ावा देने के उनके अटूट प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया। इस वर्ष की थीम स्वयं और समाज के लिए योग की सराहना करते हुए प्रो सामंत ने योग अभ्यास के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण के पोषण में इसके गहन प्रभाव पर जोर दिया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह विषय व्यक्तियों को योग को दैनिक दिनचर्या के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित करेगा।

## एनटीपीसी बोंगाइगांव ने योग दिवस मनाया



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी बोंगाईगांव ने शुक्रवार को सुबह 7 बजे सामुदायिक हॉल में सामूहिक योग सत्र के साथ 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया। सत्र का संचालन प्रमाणित योग गुरु और सीआइएसएफ, एनटीपीसी बोंगाईगांव इकाई के जवान रुबुल दास द्वारा किया गया। इंदुरी एस रेड्डी, जीएम (ओ एंड एम), एनटीपीसी बोंगाईगांव ने योग सत्र का नेतृत्व किया और सभा को संबोधित किया। इसमें वैश्विक एकता की भावना को बढ़ावा देने में योग के महत्व पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में एचओडी, कर्मचारियों, यूनियन और एसोसिएशन के प्रतिनिधियों, परिवार के सदस्यों, बर्दवी शिकला लेडीज क्लब के सदस्यों और सहयोगियों सहित 100 से अधिक व्यक्तियों की भागीदारी देखी गयी।

## सोआ में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मना



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** शिक्षा 'ओ' अनुसंधान डीम्ड विश्वविद्यालय के छात्र, संकाय सदस्य और वरिष्ठ प्रोफेसर शुक्रवार को एक रंगारंग कार्यक्रम आयोजित करके अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने में देश के बाकी हिस्सों में शामिल हुए। समारोह की शुरुआत सुबह-सुबह पेशेवर योग प्रशिक्षक अखिल चंद्र राणा द्वारा आयोजित एक योग सत्र के साथ हुई। कार्यक्रम में प्रो (डॉ) अशोक कुमार महापात्र प्रख्यात न्यूरो-सर्जन और सोआ के प्रधान सलाहकार, प्रो. ज्योति रंजन दास डीन, डॉ कमल लोचन महंत अतिरिक्त कार्यक्रम समन्वयक और श्रअजीत कुशवाहा युवा अधिकारी एनएसएस भुवनेश्वर ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ सरोज महांति के साथ अन्य अधिकारियों ने किया।

## एमसीएल में योग शिविर का आयोजन



**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) ने शुक्रवार को मुख्यालय एवं सभी क्षेत्रीय स्तर पर योग शिविर का आयोजन किया। एमसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक उदय अनंत काओले, एके बेहुरा, निदेशक ने एमसीएल भुवनेश्वर में आयोजित योग शिविर में भाग लिया। एमसीएल के निदेशक केशव राव, जुगल कुमार बोरा, निदेशक ने एमसीएल मुख्यालय में आयोजित योग शिविर में भाग लिया। अनगुल, झारसुगुड़ा और सुंदरगढ़ जिले के परिचालन क्षेत्रों में भी योग शिविर का आयोजन किया गया। इसमें एमसीएल के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों और उनके परिवार वर्ग भी बड़े उत्साह व उमंग से शामिल हुए।

## नालको ने राष्ट्र के साथ मिल कर मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस




**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** नवरत्न लोक उद्यम नेशनल एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (नालको) ने शुक्रवार को राष्ट्र के साथ मिलकर 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। नालको के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक श्रीधर पात्र के नेतृत्व में प्रद्रावक एवं विद्युत संकुल, अनुगळ में आयोजित सामूहिक योग समारोह में कर्मचारियों, उनके परिवार के सदस्यों, स्कूली छात्रों, शिक्षकों और सुरक्षा कर्मियों ने प्रतिभागिता की। योग सत्र में नालको महिला समिति की अध्यक्षा सस्मिता पात्रा, अमिय कुमार स्वाईं, कार्यपालक निदेशक, आशुतोष रथ, कार्यपालक निदेशक, प्रद्रावक एवं विद्युत संकुल के समस्त समूह महाप्रबंधक, समस्त यूनियनों और एसोसिएशनों के प्रतिनिधियों सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लिया। इस सत्र के दौरान प्रसिद्ध योग गुरु संन्यासी योगेश्वर ने योग-प्रदर्शन किया।

## जिंदल स्टील एंड पावर ने 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया




**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** अंगुल जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) और इसकी सामाजिक शाखा, जेएसपी फाउंडेशन ने अपने संयंत्र परिसर और आसपास के गांवों में 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। अंगुल स्थान पर, प्रभारी कार्यकारी निदेशक, पंकज मल्हान, और परियोजना के कार्यकारी निदेशक, दामोदर मित्तल, वरिष्ठ अधिकारियों के साथ योग शिविर में शामिल हुए। सत्र का नेतृत्व योग गुरु स्वामी सत्यबिंदु सरस्वती ने किया। जेएसपी अध्यक्ष एवं कुरूक्षेत्र हरियाणा से सांसद नवीन जिंदल ने भी अपने जीवन में योग के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान पंकज मल्हन ने टिप्पणी की कि हमें ऐसी कंपनी का हिस्सा बनने का सौभाग्य मिला है, जहां हर दिन योग दिवस है, हमारे स्थायी योग गुरु, स्वामी सत्यबिंदु को धन्यवाद।

## वेदांता एल्युमीनियम ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया



**झारसुगुड़ा (आजाद सिपाही)।** भारत की सबसे बड़ी एल्युमीनियम उत्पादक कंपनी वेदांता एल्युमीनियम ने सामुदायिक योग सत्रों की श्रृंखला के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया। वेदांता एल्युमीनियम के सीओओ और वेदांता झारसुगुड़ा के सीइओ सुनील गुप्ता ने कहा कि वेदांता एल्युमीनियम में हम सक्रिय और समावेशी पहलों के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य देखभाल को प्राथमिकता देते हैं। पीपुल्स फोरम के सहायक उपाध्यक्ष संजय जेटी ने कहा कि हमारे 100 से अधिक कैदियों के साथ योग दिवस का उनका उत्सव एक बहुत ही आकर्षक सत्र था। झारसुगुड़ा एयरपोर्ट के निदेशक संदीप कुमार तिवारी ने कहा कि स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती को बढ़ावा देने में वेदांता झारसुगुड़ा के प्रयास वास्तव में उल्लेखनीय हैं।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

## करें योग रहें निरोग : लक्ष्मण प्रसाद सिंह

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**राजधनवार।** पतंजलि योग पीठ के तत्वावधान में धनवार के चट्टी पंचायत स्थित लाटो नायक उच्च विद्यालय में 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शुक्रवार को कार्यक्रम आयोजित की गयी। कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने मां भारती की आरती और फीता काट कर उद्घाटन किया। इस मौके पर श्री सिंह ने कहा कि करें योग रहें निरोग। उन्होंने कहा कि प्राचीन भारतीय परंपरा का एक अमूल्य उपहार योग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए सबसे भरोसेमंद सदनों में से एक के रूप में उभरा है। मौके पर भुवनेश्वर साहब, राजेंद्र प्रसाद यादव, पवन सिंह, उपेंद्र सिंह, लक्ष्मी साहब, गुरुचरण नायक, रामावतार साहब, सरफराज अंसारी, सुदामा नायक, अभिषेक पांडे, सुरेंद्र नायक ने भाग लिया।



कार्यक्रम का उद्घाटन करते भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह।

## जेएसडब्ल्यू बीपीएसएल संबलपुर ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया



**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** योग ने अपने असंख्य शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य लाभों के लिए वैश्विक मान्यता प्राप्त की है। इस कल्याण के लिए इस समग्र दृष्टिकोण के महत्व को स्वीकार करते हुए जेएसडब्ल्यू बीपीएसएल ने 21 जून को स्वयं और समाज के लिए योग विषय के साथ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया। जेएसडब्ल्यू बीपीएसएल और डब्ल्यूटीए के अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने कहा कि योग शारीरिक और मानसिक फिटनेस बनाये रखने के सर्वोत्तम तरीकों में से एक है। उन्होंने शरीर के आंतरिक संतुलन को बनाये रखने के लिए नियमित अभ्यास का आग्रह किया।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई—निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्यों हेतु ई निविदा आमंत्रित की जाती है। **ई. निविदा सं.** : पूमरे–मुप्रअ–नि–द–ईटीएन–13–24–25, **कार्य का नाम** : उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण/हजारीबाग/2 के अधीन हजारीबाग – अरीगडा, बेस–बादाम, बेस–गोंदीलपारा, जीसी लाईन में मानपुर–प्रधानखुन्ता तथा अन्य परियोजना के लिए प्रमुख पुलों, छोटे पुलों, एल. एच. एस., आरयूबी, आरओबी, थ्रस्ट बेड, एनिमल अंडरपास/ ओवरपास, एफओबी, आरएफओ, बिल्डिंग का डिजाइन तैयार करना, मिट्टी की स्थिरता, ढलान स्थिरता, ईवी2 टेस्ट करने का कार्य।, **अंकलित मूल्य (रु)** : 6,59,60,780.87, **निविदा प्रपत्र का लागत (रु.)** : 0.00, **अग्रधन राशि (रू.)** : 4,79,800.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 24 (चौबीस) महीने। निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 12.07.2024, 15.30 बजे अपराह्न। ऐसी ई–निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट: http//www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं। **द्रष्टव्य:** निविदा सूचना में किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाने पर अंग्रेज़ी संस्करण मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धि–पत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाईट www.ireps.gov.in का अवलोकन करें। कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र सिर्फ IREPS वेबसाईट पर ही उपलब्ध किये जाएंगे।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण
पू.म.रे. महेन्द्रूघाट, पटना
पीआर/0528/कॉन/इंजी./टी/24–25/52

**पूर्व मध्य रेल**

**ई—निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्यों हेतु ई निविदा आमंत्रित की जाती है। **ई. निविदा सं.** : पूमरे–मुप्रअ–नि–द–ईटीएन–14– 24–25, **कार्य का नाम** : उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण/धनबाद तथा उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण/दानापुर के अधीन परियोजनाओं के लिए एफएलएस करना, भूमि योजनाएं तैयार करना, पेड़ काटने की अनुमति प्राप्त करना, प्रमुख पुलों, छोटे पुलों, एल. एच. एस., आरयूबी, आरओबी, थ्रस्ट बेड, एनिमल अंडरपास/ ओवरपास, एफओबी, आरएफओ, बिल्डिंग का जीएडी तैयार करना, डिजाईन तैयार करना, मिट्टी की स्थिरता, ढलान स्थिरता, ईवी2 टेस्ट करने का कार्य ।, **अंकलित मूल्य (रु)** : 8,88,20,239.18, **निविदा प्रपत्र का लागत (रु.)** : 0.00, **अग्रधन राशि (रू.)** : 5,94,100.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 36 (छत्तीस) महीने। निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 08.07.2024, 15.30 बजे अपराह्न। ऐसी ई–निविदाओं के तहत डाक/कुरियर /फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट: http//www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं। **द्रष्टव्य:** निविदा सूचना में किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाने पर अंग्रेज़ी संस्करण मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धि–पत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाईट www.ireps.gov.in का अवलोकन करें। कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र सिर्फ IREPS वेबसाईट पर ही उपलब्ध किये जाएंगे।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण
पू.म.रे. महेन्द्रूघाट, पटना
पीआर/0529/कॉन/इंजी./टी/24–25/52

2,3 BHK FLAT AVAILABLE
FOR SALE
At Bootymore & Tatisilwai
(Residential & Commercial)
On Road, Project Near & Smart Point Booty More, Ranchi
Contact Now
8521980977

FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219,Jharkhand
Admission OPEN 2024-25
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
PHARMACY D-PHARM
NURSING ANM GNM POST BASIC B.SC. BASIC B.SC. M.SC.
PARAMEDICAL DRESSERS DMLT ECG X-RAY OPHTHALMIC ASST. OT ASSISTANT
Separate Hostel For Boys & Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com

आयुर्वेदिक क्षारसूत्र एवं अग्नि कर्म द्वारा सफल ईलाज शुरू
AVOID SURGERY
• PILES
• FISTULA
• FISSURES &
• PILONIDAL SINUS
आयुर्वेद की युक्ति रोग से मुक्ति
PILES CURE CENTER
& SHIVAY AYURVEDA CHIKITSALYA
सम्पर्क करें
9162732562, 7004764956
Near Madan Dhaba, Kokar, Ranchi

DAS MUSICAL STORES
DAS RUBBER STAMP
Wholesale & Ratails
Dealers of all Musical Instruments
Mob.: 9835164815/ 8825354800/7250933033
MAIN ROAD, RANCHI, OPP. HANUMAN MANDIR
KOKAR , H.B. ROAD, OPP. R.L.S.Y. SCHOOL , RANCHI

BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
BDSU
Admission Open : 2024-25
B.TECH CSE | CSE (AI) | CE | EEE CSE (CYBER SECURITY) 4 Yrs Regular Eligibility : 10+2 / I.Sc
DIPLOMA CSE | EEE | CE ME | EE 3 Yrs Regular Eligibility : 10th Pass
OTHER PROGRAMES : B. Pharm | D.Pharm | BCA MCA | BBA | MBA | B.Lib.I.Sc | M.Lib.M.Sc | ITI
Programes Run & Managed by Vananchal Educational & Welfare Trust
B.D.S. | B.H.M.S | B.Sc. Nursing | GNM | ANM | B.Sc. (Medical) | B.Sc. MLT B.Ed. | D.EL.Ed | M.D. | M.D.S. | M.Sc. (Medical) | PARAMEDICAL
BDSU : FARATHIYA, GARHWA-822114, JHARKHAND
9661462506, 6206297213, 9934688493
bdsu.ac.in | vananchaltrust.org

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | ₹ | Class - IX | ₹ |
|---|---|---|---|
| Hindi | 140 | Hindi | 140 |
| English | 140 | English | 140 |
| Mathematics | 140 | Mathematics | 140 |
| Science | 140 | Science | 140 |
| Social Science | 140 | Social Science | 140 |
| Sanskrit | 140 | Sanskrit | 120 |
| Hindi – B | 140 | Hindi – B | 80 |
| Hindi Vyakaran– II | 120 | Hindi Vyakaran– II | 120 |
| English Grammar– II | 120 | English Grammar– II | 120 |
| Sanskrit Vyakaran– II | 100 | Sanskrit Vyakaran– II | 100 |
| Hindi Practical | 55 | Hindi Practical | 55 |
| English Practical | 55 | English Practical | 55 |
| Maths. Practical | 65 | Maths. Practical | 55 |
| Science Practical | 120 | Science Practical | 70 |
| S. Science Practical | 65 | S. Science Practical | 65 |
| Sanskrit Practical | 55 | Sanskrit Practical | 55 |
| Maths. Practical (Combined) | 90 | Maths. Practical (Combined) | 75 |
| Science Practical (Combined) | 90 | Science Practical (Combined) | 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | 200 | Mathematics | 130 |
| Science | 200 | Science | 200 |
| Social Science | 200 | Social Science | 130 |
| Maths. Practical | 80 | Maths. Practical | 80 |
| Science Practical | 80 | Science Practical | 80 |
| S. Science Practical | 80 | S. Science Practical | 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

आजाद सिपाही के 9 वें स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई
विदेश सिंह इन्टर महाविद्यालय
हैदरनगर, पलामू
आजाद सिपाही
अटूट रिश्ते और स्नेह के लिए धन्यवाद
निवेदक:-
विनोद कुमार सिंह
सचिव
पिंकी वर्मा
प्राचार्या

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**